Test Booklet No.
परीक्षा पुस्तिका संख्या

1404761

# JBC – 12

This booklet contains 48 pages.
इस पुस्तिका में 48 पृष्ठ हैं ।

**PAPER I / प्रश्न-पत्र I**

**MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका**

Test Booklet Code
परीक्षा पुस्तिका संकेत

**A**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**

**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**

### *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of $1\frac{1}{2}$ **hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue / Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **A**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions, each carrying 1 mark :
   - Part I : Child Development and Pedagogy *(Q. 1 to Q. 30)*
   - Part II : Mathematics *(Q. 31 to Q. 60)*
   - Part III : Environmental Studies *(Q. 61 to Q. 90)*
   - Part IV : Language I – (English/Hindi) *(Q. 91 to Q. 120)*
   - Part V : Language II – (English/Hindi) *(Q. 121 to Q. 150)*
6. Part IV contains 30 questions for Language I and Part V contains 30 questions for Language II. In this test booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language I and/or Language II is a language other than English or Hindi, please ask for a Test Booklet that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Part V (Language II) in a language other than the one chosen as Language I (in Part IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

### *परीक्षार्थियों के लिए निर्देश*

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि $1\frac{1}{2}$ **घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत** है **A**. यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी प्रश्न पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जो प्रत्येक 1 अंक का है :
   - भाग I : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र *(प्र. 1 से प्र. 30)*
   - भाग II : गणित *(प्र. 31 से प्र. 60)*
   - भाग III : पर्यावरण अध्ययन *(प्र. 61 से प्र. 90)*
   - भाग IV : भाषा I — (अंग्रेज़ी / हिन्दी) *(प्र. 91 से प्र. 120)*
   - भाग V : भाषा II — (अंग्रेज़ी / हिन्दी) *(प्र. 121 से प्र. 150)*
6. भाग IV में भाषा I के लिए 30 प्रश्न और भाग V में भाषा II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा I और/या भाषा II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है तो कृपया उस भाषा वाली परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिएँ ।**
7. **परीक्षार्थी भाग V (भाषा II) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें ।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।

Name of the Candidate (in Capitals) : ____________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में ) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ____________________

: in words (शब्दों में) ____________________

Centre of Examination (in Capitals) : ____________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में ) :

Candidate's Signature : ____________________ Invigilator's Signature : ____________________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent ____________________

SEAL

## PART I / भाग I
## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Directions** : Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

1. Human development is divided into domains such as
   (1) psychological, cognitive, emotional and physical
   (2) physical, spiritual, cognitive and social
   (3) physical, cognitive, emotional and social
   (4) emotional, cognitive, spiritual and social-psychological

2. Which of the following is a principle of development ?
   (1) It is a discontinuous process
   (2) All processes of development are not inter-connected
   (3) It does not proceed at the same pace for all
   (4) Development is always linear

3. Individual attention is important in the teaching – learning process because
   (1) it offers better opportunities to teachers to discipline each learner
   (2) children develop at different rates and learn differently
   (3) learners always learn better in groups
   (4) teacher training programmes prescribe it

4. Human personality is the result of
   (1) only environment
   (2) only heredity
   (3) upbringing and education
   (4) interaction between heredity and environment

5. In the context of education, socialization means
   (1) adapting and adjusting to social environment
   (2) always following social norms
   (3) creating one's own social norms
   (4) respecting elders in society

***निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

1. मानव विकास को क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है जो हैं
   (1) मनोवैज्ञानिक, संज्ञानात्मक, संवेगात्मक और शारीरिक
   (2) शारीरिक, आध्यात्मिक, संज्ञानात्मक और सामाजिक
   (3) शारीरिक, संज्ञानात्मक, संवेगात्मक और सामाजिक
   (4) संवेगात्मक, संज्ञानात्मक, आध्यात्मिक और सामाजिक-मनोवैज्ञानिक

2. निम्नलिखित में से कौन-सा विकास का सिद्धांत है ?
   (1) यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया नहीं है
   (2) विकास की सभी प्रक्रियाएँ अंतःसम्बन्धित नहीं हैं
   (3) सभी की विकास-दर समान नहीं होती है
   (4) विकास हमेशा रेखीय होता है

3. शिक्षण – अधिगम प्रक्रिया में व्यक्तिगत रूप से ध्यान देना महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि
   (1) इससे प्रत्येक शिक्षार्थी को अनुशासित करने के लिए शिक्षकों को बेहतर अवसर मिलते हैं
   (2) बच्चों की विकास दर भिन्न होती है और वे भिन्न तरीकों से सीख सकते हैं
   (3) शिक्षार्थी हमेशा समूहों में ही बेहतर सीखते हैं
   (4) शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ऐसा ही बताया गया है

4. मानव-व्यक्तित्व परिणाम है
   (1) केवल वातावरण का
   (2) केवल आनुवंशिकता का
   (3) पालन-पोषण और शिक्षा का
   (4) आनुवंशिकता और वातावरण की अंतःक्रिया का

5. शिक्षा के संदर्भ में, समाजीकरण से तात्पर्य है
   (1) सामाजिक वातावरण में अनुकूलन और समायोजन
   (2) सामाजिक मानदंडों का सदैव अनुपालन करना
   (3) अपने सामाजिक मानदंड बनाना
   (4) समाज में बड़ों का सम्मान करना

6. Young learners should be encouraged to interact with peers in the classroom so that

   (1) they learn social skills in the course of study

   (2) the teacher can control the classroom better

   (3) they can learn answers to questions from each other

   (4) the syllabus can be covered quickly

6. छोटे शिक्षार्थियों को कक्षा-कक्ष में समवयस्कों के साथ अंतःक्रिया करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, जिससे

   (1) वे पढ़ने के दौरान सामाजिक कौशल सीख सकें

   (2) शिक्षक कक्षा-कक्ष को बेहतर तरीके से नियंत्रित कर सके

   (3) वे एक-दूसरे से प्रश्नों के उत्तर सीख सकें

   (4) पाठ्यक्रम को बहुत जल्दी पूरा किया जा सके

7. According to Piaget's stages of Cognitive Development, the sensori-motor stage is associated with

   (1) ability to interpret and analyse options

   (2) concerns about social issues

   (3) imitation, memory and mental representation

   (4) ability to solve problems in logical fashion

7. पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के चरणों के अनुसार, इंद्रिय-गामक (संवेदी-प्रेरक) अवस्था किसके साथ सम्बन्धित है ?

   (1) विकल्पों के निर्वचन और विश्लेषण करने की योग्यता

   (2) सामाजिक मुद्दों से सरोकार

   (3) अनुकरण, स्मृति और मानसिक निरूपण

   (4) तार्किक रूप से समस्या-समाधान की योग्यता

8. According to Kohlberg, a teacher can instill moral values in children by

   (1) involving them in discussions on moral issues

   (2) giving strict instructions on 'how to behave'

   (3) giving importance to religious teachings

   (4) laying clear rules of behaviour

8. कोह्लबर्ग के अनुसार, शिक्षक बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास कर सकता है

   (1) नैतिक मुद्दों पर आधारित चर्चाओं में उन्हें शामिल करके

   (2) 'कैसे व्यवहार किया जाना चाहिए' इस पर कठोर निर्देश देकर

   (3) धार्मिक शिक्षा को महत्त्व देकर

   (4) व्यवहार के स्पष्ट नियम बनाकर

9. Which of the following is a feature of progressive education ?

   (1) Frequent tests and examinations

   (2) Flexible time-table and seating arrangement

   (3) Instruction based solely on prescribed text-books

   (4) Emphasis on scoring good marks in examinations

9. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रगतिशील शिक्षा की विशेषता है ?

   (1) बार-बार ली जाने वाली परीक्षाएँ

   (2) समय-सारणी और बैठने की व्यवस्था में लचीलापन

   (3) केवल प्रस्तावित पाठ्य-पुस्तकों पर आधारित अनुदेश

   (4) परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने पर बल

10. A teacher makes use of a variety of tasks to cater to the different learning styles of her learners. She is influenced by
(1) Vygotsky's socio-cultural theory
(2) Piaget's cognitive development theory
(3) Kohlberg's moral development theory
(4) Gardner's multiple intelligence theory

11. Vygotsky emphasized the significance of the role played by which of the following factors in the learning of children ?
(1) Physical
(2) Social
(3) Hereditary
(4) Moral

12. A school gives preference to girls while preparing students for a State level solo-song competition. This reflects
(1) Progressive thinking
(2) Gender bias
(3) Global trends
(4) Pragmatic approach

13. Learners display individual differences. So a teacher should
(1) increase number of tests
(2) insist on uniform pace of learning
(3) provide a variety of learning experiences
(4) enforce strict discipline

14. School-based assessment is primarily based on the principle that
(1) schools are more efficient than external bodies of examination
(2) assessment should be very economical
(3) teachers know their learners' capabilities better than external examiners
(4) students should at all costs get high grades

10. एक शिक्षिका अपने शिक्षार्थियों की विभिन्न अधिगम-शैलियों को संतुष्ट करने के लिए वैविध्यपूर्ण कार्यों का उपयोग करती है । वह ________ से प्रभावित है ।
(1) वाइगोत्स्की के सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत
(2) पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत
(3) कोह्लबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत
(4) गार्डनर के बहुबुद्धि सिद्धांत

11. वाइगोत्स्की बच्चों के सीखने में निम्नलिखित में से किस कारक की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हैं ?
(1) शारीरिक
(2) सामाजिक
(3) आनुवंशिक
(4) नैतिक

12. राज्य स्तर की एक एकल-गायन प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को तैयार करते समय एक विद्यालय लड़कियों को वरीयता देता है । यह दर्शाता है
(1) प्रगतिशील चिंतन
(2) लैंगिक पूर्वाग्रह
(3) वैश्विक प्रवृत्तियाँ
(4) प्रयोजनात्मक उपागम

13. शिक्षार्थी वैयक्तिक भिन्नता प्रदर्शित करते हैं । अतः शिक्षक को
(1) परीक्षाओं की संख्या बढ़ा देनी चाहिए
(2) अधिगम की एकसमान गति पर बल देना चाहिए
(3) सीखने के विविध अनुभवों को उपलब्ध कराना चाहिए
(4) कठोर अनुशासन सुनिश्चित करना चाहिए

14. विद्यालय-आधारित आकलन मुख्य रूप से किस सिद्धांत पर आधारित होता है ?
(1) विद्यालय, बाह्य परीक्षा निकायों की अपेक्षा ज़्यादा सक्षम हैं
(2) आकलन बहुत किफ़ायती (मितव्ययी) होना चाहिए
(3) बाह्य परीक्षकों की अपेक्षा शिक्षक अपने शिक्षार्थियों की क्षमताओं को बेहतर जानते हैं
(4) किसी भी कीमत पर विद्यार्थियों को अच्छे ग्रेड मिलने चाहिए

**15.** Which of the following is an objective question ?

(1) True or False

(2) Essay type question

(3) Short answer question

(4) Open ended question

**16.** Inclusive Education

(1) includes indoctrination of facts

(2) includes teachers from marginalized groups

(3) celebrates diversity in the classroom

(4) encourages strict admission procedures

**17.** The emphasis from teaching to learning can be shifted by

(1) adopting frontal teaching

(2) focusing on examination results

(3) adopting child-centred pedagogy

(4) encouraging rote learning

**18.** When a child with a disability first comes to school, the teacher should

(1) discuss with the child's parents to evolve collaborative plans

(2) conduct an admission test

(3) refer the child to a special school according to the disability

(4) seclude him from other students

**19.** When a child 'fails', it means

(1) the system has failed

(2) the child is not fit for studies

(3) the child has not memorized the answers properly

(4) the child should have taken private tuition

**20.** The most effective method to teach the concept of germination of seeds is

(1) to show pictures of seed growth

(2) to give detailed explanations

(3) to make the students plant seeds and observe stages of germination

(4) to draw pictures on the black-board and give descriptions

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा वस्तुनिष्ठ प्रश्न है ?

(1) सत्य या असत्य

(2) निबंधात्मक प्रश्न

(3) लघूत्तरात्मक प्रश्न

(4) मुक्त उत्तर वाला प्रश्न

**16.** समावेशी शिक्षा

(1) तथ्यों की शिक्षा (मतारोपण) से सम्बन्धित है

(2) हाशिऐ पर स्थित वर्गों से शिक्षकों को सम्मिलित करने से सम्बन्धित है

(3) कक्षा में विविधता का उत्सव मनाती है

(4) दाखिले सम्बन्धी कठोर प्रक्रियाओं को बढ़ावा देती है

**17.** शिक्षण से अधिगम पर बल देने वाला परिवर्तन हो सकता है

(1) अग्र शिक्षण की तकनीक अपनाकर

(2) परीक्षा परिणामों पर केन्द्रित होकर

(3) बाल-केन्द्रित शिक्षा-पद्धति अपनाकर

(4) रटने को प्रोत्साहित करके

**18.** जब एक निर्योग्य बच्चा पहली बार विद्यालय आता है, तो शिक्षक को क्या करना चाहिए ?

(1) सहकारी योजना विकसित करने के लिए बच्चे के माता-पिता के साथ चर्चा करनी चाहिए

(2) प्रवेश-परीक्षा लेनी चाहिए

(3) बच्चे की निर्योग्यता के अनुसार उसे विशेष विद्यालय में भेजने का प्रस्ताव देना चाहिए

(4) उसे अन्य विद्यार्थियों से अलग रखना चाहिए

**19.** जब बच्चा 'फेल' होता है, तो इसका तात्पर्य है कि

(1) व्यवस्था फेल हुई है

(2) बच्चा पढ़ाई के लिए योग्य नहीं है

(3) बच्चे ने उत्तरों को सही तरीके से याद नहीं किया है

(4) बच्चे को प्राइवेट ट्यूशन लेनी चाहिए थी

**20.** बीजों का अंकुरण संकल्पना के शिक्षण की सबसे प्रभावी पद्धति है

(1) बीज की वृद्धि के चित्र दिखाना

(2) विस्तृत व्याख्या करना

(3) विद्यार्थियों द्वारा पौधे के बीज बोना और उसके अंकुरण के चरणों का अवलोकन करना

(4) श्यामपट्ट पर चित्र बनाना और वर्णन करना

21. When a child gets bored while doing a task, it is a sign that
    (1) the child is not capable of learning
    (2) the child needs to be disciplined
    (3) the task may have become mechanically repetitive
    (4) the child is not intelligent

22. Which of the following is a domain of learning ?
    (1) Spiritual
    (2) Professional
    (3) Experiential
    (4) Affective

23. Which of the following is the first step in the scientific method of problem-solving ?
    (1) Collection of relevant information
    (2) Formation of hypothesis
    (3) Verification of hypothesis
    (4) Problem awareness

24. Errors of learners often indicate
    (1) absence of learning
    (2) socio-economic status of the learners
    (3) how they learn
    (4) the need for mechanical drill

25. A child starts to cry when his grandmother takes him from his mother's lap. The child cries due to
    (1) Stranger anxiety
    (2) Separation anxiety
    (3) Social anxiety
    (4) Emotional anxiety

26. A teacher uses a text and some pictures of fruits and vegetables and holds a discussion with her students. The students link the details with their previous knowledge and learn the concept of nutrition. This approach is based on
    (1) Operant conditioning of learning
    (2) Construction of knowledge
    (3) Classical conditioning of learning
    (4) Theory of reinforcement

21. जब बच्चा कार्य करते हुए ऊबने लगता है, तो यह इस बात का संकेत है कि
    (1) बच्चे में सीखने की योग्यता नहीं है
    (2) बच्चे को अनुशासित करने की ज़रूरत है
    (3) संभवतः कार्य यांत्रिक रूप से बार-बार हो रहा है
    (4) बच्चा बुद्धिमान नहीं है

22. निम्नलिखित में से कौन-सा सीखने का क्षेत्र है ?
    (1) आध्यात्मिक
    (2) व्यावसायिक
    (3) आनुभविक
    (4) भावात्मक

23. निम्नलिखित में से कौन-सी समस्या-समाधान की वैज्ञानिक पद्धति का पहला चरण है ?
    (1) प्रासंगिक जानकारी को एकत्र करना
    (2) प्राक्कल्पना का निर्माण करना
    (3) प्राक्कल्पना का परीक्षण करना
    (4) समस्या के प्रति जागरूकता

24. प्रायः शिक्षार्थियों की त्रुटियाँ __________ की ओर संकेत करती हैं ।
    (1) सीखने की अनुपस्थिति
    (2) शिक्षार्थियों के सामाजिक-आर्थिक स्तर
    (3) वे कैसे सीखते हैं
    (4) यांत्रिक अभ्यास की आवश्यकता

25. जब बच्चे की दादी उसे उसकी माँ की गोद से लेती है, तो बच्चा रोने लगता है । बच्चा __________ के कारण रोता है ।
    (1) अजनबी दुश्चिंता
    (2) वियोग दुश्चिंता
    (3) सामाजिक दुश्चिंता
    (4) संवेगात्मक दुश्चिंता

26. एक शिक्षिका पाठ्य-वस्तु और फल-सब्ज़ियों के कुछ चित्रों का प्रयोग करती है और अपने विद्यार्थियों से चर्चा करती है । विद्यार्थी इस जानकारी को अपने पूर्व ज्ञान से जोड़ते हैं और पोषण की संकल्पना को सीखते हैं । यह उपागम __________ पर आधारित है ।
    (1) अधिगम के सक्रिय अनुबंधन
    (2) ज्ञान के निर्माण
    (3) अधिगम के शास्त्रीय अनुबंधन
    (4) पुनर्बलन के सिद्धांत

**27.** Critical pedagogy firmly believes that

(1) the experiences and perceptions of learners are important

(2) the teacher should always lead the classroom instruction

(3) the learners need not reason independently

(4) what children learn out of school is irrelevant

**28.** A teacher, after preparing a question paper, checks whether the questions test specific testing objectives. He is concerned primarily about the question paper's

(1) reliability

(2) validity

(3) content coverage

(4) typology of questions

**29.** Which of the following is a teacher-related factor affecting learning ?

(1) Nature of the content or learning experiences

(2) Mastery over the subject-matter

(3) Proper seating arrangement

(4) Availability of teaching – learning resources

**30.** A teacher never gives answers to questions herself. She encourages her students to suggest answers, have group discussions and adopt collaborative learning. This approach is based on the principle of

(1) readiness to learn

(2) active participation

(3) proper organization of instructional material

(4) setting a good example and being a role-model

**27.** विवेचनात्मक शिक्षाशास्त्र का यह दृढ़ विश्वास है कि

(1) शिक्षार्थियों के अनुभव और प्रत्यक्षण महत्त्वपूर्ण होते हैं

(2) एक शिक्षक को हमेशा कक्षा-कक्ष के अनुदेशन का नेतृत्व करना चाहिए

(3) शिक्षार्थियों को स्वतंत्र रूप से तर्कणा नहीं करनी चाहिए

(4) बच्चे स्कूल से बाहर क्या सीखते हैं, यह अप्रासंगिक है

**28.** एक शिक्षक प्रश्न-पत्र बनाने के बाद, यह जाँच करता है कि क्या प्रश्न परीक्षण के विशिष्ट उद्देश्यों की परीक्षा ले रहे हैं । वह मुख्य रूप से प्रश्न-पत्र की/के ________ के बारे में चिंतित है ।

(1) विश्वसनीयता

(2) वैधता

(3) संपूर्ण विषय-वस्तु को शामिल करने

(4) प्रश्नों के प्रकार

**29.** निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षक से सम्बन्धित अधिगम को प्रभावित करने वाला कारक है ?

(1) विषय-वस्तु या अधिगम-अनुभवों की प्रकृति

(2) विषय-वस्तु में प्रवीणता

(3) बैठने की उचित व्यवस्था

(4) शिक्षण – अधिगम संसाधनों की उपलब्धता

**30.** एक शिक्षिका अपने-आप से कभी भी प्रश्नों के उत्तर नहीं देती । वह अपने विद्यार्थियों को उत्तर देने के लिए, समूह चर्चाएँ और सहयोगात्मक अधिगम अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है । यह उपागम ________ के सिद्धांत पर आधारित है ।

(1) सीखने की तत्परता

(2) सक्रिय भागीदारिता

(3) अनुदेशात्मक सामग्री के उचित संगठन

(4) अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करना और भूमिका-प्रतिरूप बनना

## PART II / भाग II
## MATHEMATICS / गणित

***Directions* : *Answer the following questions by selecting the* most appropriate *option.***

**31.** If 567567567 is divided by 567, the quotient is

(1) 3
(2) 111
(3) 10101
(4) 1001001

**32.** In the product 3759 × 9573, the sum of tens' digit and units' digit is

(1) 0
(2) 7
(3) 9
(4) 16

**33.** 19 thousands + 19 hundreds + 19 ones is equal to

(1) 191919
(2) 21090
(3) 20919
(4) 19919

**34.** What time is 4 hours 59 minutes before 2 : 58 P.M. ?

(1) 9 : 57 A.M.
(2) 9 : 59 A.M.
(3) 10 : 01 A.M.
(4) 9 : 59 P.M.

***निर्देश* : *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* सबसे उचित *विकल्प चुनिए ।***

**31.** यदि 567567567 को 567 से विभाजित किया जाता है, तो भागफल है

(1) 3
(2) 111
(3) 10101
(4) 1001001

**32.** 3759 × 9573 के गुणनफल में, दहाई अंक और इकाई अंक का योगफल है

(1) 0
(2) 7
(3) 9
(4) 16


**33.** 19 हज़ार + 19 सैंकड़े + 19 इकाइयाँ __________ के बराबर है ।

(1) 191919
(2) 21090
(3) 20919
(4) 19919

**34.** 2 : 58 P.M. से 4 घंटे 59 मिनट पहले क्या समय है ?

(1) 9 : 57 A.M.
(2) 9 : 59 A.M.
(3) 10 : 01 A.M.
(4) 9 : 59 P.M.

**35.** The solid as shown in the figure is made up of cubical blocks each of side 1 cm. The number of blocks is




(1) 48

(2) 52

(3) 60

(4) 72

**36.** The figure consists of five squares of the same size. The area of the figure is 180 square centimetres. The perimeter (in cm) of the figure will be




(1) 36

(2) 45

(3) 48

(4) 72

**35.** एक ठोस, जैसा कि आकृति में दिखाया गया है, घनीय ब्लॉक (cubical blocks) से बना है जिनकी प्रत्येक भुजा 1 सेमी है । ब्लॉकों की संख्या है




(1) 48

(2) 52

(3) 60

(4) 72

**36.** दी गई आकृति समान आकार के पाँच वर्गों से मिलकर बनी है । आकृति का क्षेत्रफल 180 वर्ग सेंटीमीटर है । आकृति का परिमाप (सेमी में) होगा



(1) 36

(2) 45

(3) 48

(4) 72

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**37.** 500 cm + 50 m + 5 km =

(1) 55 m

(2) 500 m

(3) 555 m

(4) 5055 m

**38.** In which of the following divisions, will the remainder be more than the remainder you get when you divide 176 by 3 ?

(1) 173 ÷ 5

(2) 174 ÷ 4

(3) 175 ÷ 3

(4) 176 ÷ 2

**39.** The difference of 5671 and the number obtained on reversing its digits is

(1) 3906

(2) 4906

(3) 3916

(4) 7436

**40.** Sum of place values of 6 in 63606 is

(1) 18

(2) 60606

(3) 6606

(4) 6066

**41.** Study the following pattern :

$$1 \times 1 = 1$$
$$11 \times 11 = 121$$
$$111 \times 111 = 12321$$

....

....

What is 11111 × 11111 ?

(1) 1234321

(2) 123454321

(3) 12345421

(4) 123453421

**37.** 500 सेमी. + 50 मी. + 5 किमी. =

(1) 55 मी.

(2) 500 मी.

(3) 555 मी.

(4) 5055 मी.

**38.** निम्नलिखित में से किस विभाजन में, शेष उससे अधिक होगा जब आप 176 को 3 से विभाजित करते है ?

(1) 173 ÷ 5

(2) 174 ÷ 4

(3) 175 ÷ 3

(4) 176 ÷ 2

**39.** 5671 और उसके अंकों को पलट देने पर प्राप्त संख्या का अंतर है

(1) 3906

(2) 4906

(3) 3916

(4) 7436

**40.** 63606 में 6 के स्थानीय मानों का योगफल है

(1) 18

(2) 60606

(3) 6606

(4) 6066

**41.** नीचे दिए गए पैटर्न का अध्ययन कीजिए :

$$1 \times 1 = 1$$
$$11 \times 11 = 121$$
$$111 \times 111 = 12321$$

....

....

11111 × 11111 क्या है ?

(1) 1234321

(2) 123454321

(3) 12345421

(4) 123453421

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**42.** A shop has 239 toys. Seventy more toys were brought in. Then 152 of them were sold. The number of toys left was

(1) 239 – 70 – 152

(2) 239 + 70 + 152

(3) 239 – 70 + 152

(4) 239 + 70 – 152

**42.** एक दुकान में 239 खिलौने हैं । सत्तर और खिलौने लाए गए । उनमें से 152 बिक गए । बचे हुए खिलौनों की संख्या थी

(1) 239 – 70 – 152

(2) 239 + 70 + 152

(3) 239 – 70 + 152

(4) 239 + 70 – 152

**43.** How many $\frac{1}{8}$ are in $\frac{1}{2}$ ?

(1) 16

(2) 8

(3) 4

(4) 2

**43.** $\frac{1}{2}$ में कितने $\frac{1}{8}$ हैं ?

(1) 16

(2) 8

(3) 4

(4) 2

**44.** Which of the following is *correct* ?

(1) Successor of predecessor of 1000 is 1002

(2) Predecessor of successor of 1000 is 1000

(3) Predecessor of predecessor of 1000 is 999

(4) Successor of predecessor of 1000 is 1001

**44.** निम्नलिखित में से कौन-सा *सही* है ?

(1) 1000 के पूर्ववर्ती का परवर्ती 1002 है

(2) 1000 के परवर्ती का पूर्ववर्ती 1000 है

(3) 1000 के पूर्ववर्ती का पूर्ववर्ती 999 है

(4) 1000 के पूर्ववर्ती का परवर्ती 1001 है

**45.** A pencil costs two and a half rupees. Amit buys one and a half dozen pencils and gives a 100-rupee note to the shopkeeper. The money he will get back is

(1) ₹ 55

(2) ₹ 45

(3) ₹ 65

(4) ₹ 30

**45.** एक पेंसिल का मूल्य ढाई रुपए है । अमित डेढ़ दर्जन पेंसिलें खरीदता है और दुकानदार को 100 रुपए का एक नोट देता है । उसे कितने रुपए वापस मिलेंगे ?

(1) ₹ 55


(2) ₹ 45

(3) ₹ 65

(4) ₹ 30

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**46.** Ms. Reena uses a grid activity to teach the concept of multiplication of decimals. A sample is illustrated below :




$0{\cdot}2 \times 0{\cdot}3 = 0{\cdot}06$

Through this method, Ms. Reena is

(1) focusing more on procedural knowledge and less on conceptual knowledge

(2) focusing more on conceptual knowledge and problem-solving and less on procedural knowledge

(3) using traditional approach of learning

(4) focusing on developing problem-solving skill

**47.** A suitable approach for explaining that a remainder is always less than the divisor to Class IV students can be


(1) grouping of objects in multiples of divisor and showing that the number of objects, not in the group, are less than the divisor

(2) perform lots of division sums on the black-board and show that every time the remainder is less than the divisor

(3) explain verbally to the students, several times

(4) represent division sums as mixed fractions and explain that the numerator of the fraction part is the remainder

**46.** सुश्री रीना दशमलव के गुणन की संकल्पना का शिक्षण करने के लिए ग्रिड गतिविधि का प्रयोग करती है । उसका एक नमूना नीचे दिया गया है :




$0{\cdot}2 \times 0{\cdot}3 = 0{\cdot}06$

इस पद्धति के द्वारा सुश्री रीना

(1) प्रक्रमणशील ज्ञान पर ज़्यादा बल दे रही है और संकल्पनात्मक ज्ञान पर कम

(2) संकल्पनात्मक ज्ञान और समस्या-समाधान पर ज़्यादा बल दे रही है तथा प्रक्रमणशील ज्ञान पर कम

(3) सीखने के परंपरागत उपागम का प्रयोग कर रही है

(4) समस्या-समाधान कौशल के विकास पर बल दे रही है

**47.** कक्षा IV के विद्यार्थियों को यह समझाने के लिए कि शेष हमेशा विभाजक से कम होता है, उचित उपागम है

(1) वस्तुओं को विभाजक के गुणजों में समूहीकृत करना और प्रदर्शित करना कि वस्तुओं की संख्या, जो समूह में नहीं हैं, विभाजक से कम है

(2) श्यामपट्ट पर विभाजन करने वाले बहुत सारे सवाल करना और दिखाना कि हर बार शेष विभाजक से कम है

(3) अनेक बार विद्यार्थियों को मौखिक रूप से स्पष्ट करना

(4) विभाजन वाले सवालों को मिश्रित भिन्नों के रूप में निरूपित करना और यह स्पष्ट करना कि भिन्न का अंश शेष है

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

48. The objective of teaching number system to Class III students is to enable the students

(1) to count up to 6 digits

(2) to see the numbers as groups of hundreds, tens and ones and to understand the significance of place values

(3) to master the skill of addition and subtraction of four-digit numbers

(4) to master the skill of reading large numbers

48. कक्षा III के विद्यार्थियों को संख्या-पद्धति पढ़ाने का उद्देश्य है

(1) 6 अंकों तक गणना करना

(2) संख्याओं को सैंकड़ा, दहाइयों और इकाइयों के समूह के रूप में देखना और स्थानीय मानों की सार्थकता को समझना

(3) चार अंकों वाली संख्या के योग और व्यवकलन के कौशल में प्रवीणता प्राप्त करना

(4) बड़ी संख्याओं को पढ़ने के कौशल में प्रवीणता प्राप्त करना

49. Computational skills in Mathematics can be enhanced by

(1) giving conceptual knowledge alone

(2) describing algorithm only

(3) conducting hands-on activities in class

(4) clarifying concepts and procedures followed by lots of practice

49. गणित में गणना करने सम्बन्धी कौशलों को किसके द्वारा बढ़ाया जा सकता है ?

(1) केवल संकल्पनात्मक ज्ञान देकर

(2) केवल एल्गोरिथ्म (Algorithm) का वर्णन करके

(3) कक्षा में अभ्यास हेतु क्रियाशील गतिविधियों का आयोजन करके

(4) संकल्पनाओं और प्रक्रियाओं को स्पष्ट करने के बाद अधिक-से-अधिक अभ्यास कराना

50. The concept of areas of plane figures can be introduced to the students of Class V by

(1) calculating the area of figures with the help of counting unit squares

(2) measuring the area of any figure with the help of different objects like palm, leaf, pencil, etc.

(3) calculating the area of a rectangle by finding length and breadth of a rectangle and using the formula for area of a rectangle

(4) stating the formula for area of rectangle and square

50. कक्षा V के विद्यार्थियों को समतल आकृतियों के क्षेत्रफलों की संकल्पना से किसके द्वारा परिचित कराया जा सकता है ?

(1) इकाई वर्गों के गणन की सहायता से आकृतियों के क्षेत्रफल की गणना करना

(2) विभिन्न वस्तुओं जैसे हथेली, पत्ती, पेंसिल, आदि की सहायता से किसी भी आकृति के क्षेत्रफल को मापना

(3) आयत की लंबाई और चौड़ाई का पता लगाते हुए और आयत के क्षेत्रफल के सूत्र का प्रयोग करके आयत के क्षेत्रफल की गणना करना

(4) आयत और वर्ग के क्षेत्रफल का सूत्र बताना

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

51. The NCF (2005) considers that Mathematics involves 'a certain way of thinking and reasoning'. The vision can be realized by

(1) giving lots of problem worksheets to students

(2) giving special coaching to students

(3) adopting exploratory approach, use of manipulatives, connecting concepts to real life, involving students in discussions

(4) rewriting all text-books of Mathematics

52. While teaching the addition of fractions, it was observed by Mr. Singh that the following type of error is very common :

$$\frac{2}{3} + \frac{2}{5} = \frac{4}{10}$$

Mr. Singh should take the following remedial action :

(1) Explain the concept of LCM of denominator

(2) Give more practice of same type of problems

(3) Give pictorial representation to clear the concept of addition of unlike fractions, followed by drill of same type of problems

(4) Advise the students to work hard and practise the problems of fraction addition

51. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (2005) मानती है कि गणित में 'चिंतन और तर्कणा का एक तरीका शामिल होता है' । इस दृष्टिकोण को किसके द्वारा प्राप्त किया जा सकता है ?

(1) विद्यार्थियों को बहुत सारे सवाल कार्य-पत्रक (worksheets) देना

(2) विद्यार्थियों को विशेष कोचिंग देना

(3) खोजबीन उपागम का प्रयोग करना, हस्तचालकों का प्रयोग करना, संकल्पनाओं को वास्तविक जीवन से जोड़ना, विद्यार्थियों को चर्चाओं में शामिल करना

(4) गणित की सभी पाठ्य-पुस्तकों का पुनर्लेखन करना

52. भिन्नों का योग पढ़ाते समय, श्री सिंह द्वारा यह देखा गया कि निम्नलिखित प्रकार की त्रुटि बहुत आम है :

$$\frac{2}{3} + \frac{2}{5} = \frac{4}{10}$$

श्री सिंह को निम्नलिखित उपचारात्मक कार्य करना चाहिए :

(1) हर के लघुतम समापवर्त्य (ल.स.) की संकल्पना को स्पष्ट करना

(2) समान प्रकार के सवालों का अधिक अभ्यास कराना

(3) असमान भिन्नों के योग की संकल्पना को स्पष्ट करने के लिए चित्रात्मक प्रतिरूप देना तथा बाद में समान प्रकार के सवालों का अभ्यास कराना

(4) विद्यार्थियों को मेहनत करने की सलाह देना और भिन्नों के योग वाले सवालों का अभ्यास कराना

**53.** To assess the students' competency on solving of word problems based on addition and subtraction, rubrics of assessment are


(1) incorrect, partially correct, completely correct

(2) comprehension of problem, identification of operation to be performed, representation of problem mathematically, solution of problem and presentation of problem

(3) understanding of problem and writing of correct solution

(4) identification of problem, performing correct operation

**54.** While planning a lesson on the concept of fraction addition, a teacher is using the activity of strip folding :




The above activity is a

(1) pre-content activity

(2) content activity

(3) post-content activity

(4) wastage of time

**53.** योग और व्यवकलन पर आधारित, शब्दों में दिए गए सवालों को हल करने की विद्यार्थियों की दक्षता का आकलन करने के लिए आकलन के शीर्षक है


(1) ग़लत, आंशिक रूप से सही, पूर्णतः सही

(2) सवाल का बोधन, निष्पादित की जाने वाली संक्रिया की पहचान, समस्या का गणितीय रूप में निरूपण, सवाल का समाधान और प्रस्तुतीकरण

(3) सवाल का बोधन और सही जवाब लिखना

(4) सवाल की पहचान, सही संक्रिया निष्पादित करना

**54.** भिन्नों की योग संकल्पना के पाठ पर योजना बनाते समय, शिक्षक पट्टी मोड़ने वाली गतिविधि का प्रयोग कर रहा है :




उपर्युक्त गतिविधि ________ है ।

(1) विषय-वस्तु से पूर्व की गतिविधि

(2) विषय-वस्तु सम्बन्धी गतिविधि

(3) विषय-वस्तु पश्च गतिविधि

(4) समय की बर्बादी

**55.** 'Recognition of patterns and their completion' is an essential part of Mathematics curriculum at primary stage as it

(1) promotes creativity amongst students and helps them to understand properties of numbers and operations

(2) develops creativity and artistic attributes in students

(3) prepares students to take up competitive examinations

(4) helps the students in solving 'Sudoku' puzzles

**56.** Use of Abacus in Class II does ***not*** help the students to

(1) attain perfection in counting


(2) understand the significance of place value

(3) read the numbers without error


(4) write the numeral equivalent of numbers given in words

**57.** Rizul is a kinesthetic learner. His teacher Ms. Neha understood his style of learning. Which of the following strategies should she choose to clear his concept of multiplication ?

(1) Skip counting





(2) Counting the points of intersection on criss-cross lines




(3) Forcing him to memorize all tables

(4) Use strings and beads of two different colours to get the multiples of 2, 3, etc.



**55.** 'पैटर्न की पहचान करना और उन्हें पूरा करना' प्राथमिक स्तर पर गणित की पाठ्यचर्या का एक अनिवार्य हिस्सा है क्योंकि

(1) यह विद्यार्थियों में सृजनात्मकता को बढ़ावा देता है और संख्याओं तथा संक्रियाओं की विशेषताओं को समझने में उनकी सहायता करता है

(2) विद्यार्थियों में सृजनात्मकता और कलात्मक गुणों को विकसित करता है

(3) विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करता है

(4) 'सुडोकू' पहेली को हल करने में विद्यार्थियों की सहायता करता है

**56.** कक्षा II में अबेकस का प्रयोग ________ में विद्यार्थियों की सहायता ***नहीं*** करता ।

(1) गणना में परिशुद्धता प्राप्त करने


(2) स्थानीय मान की महत्ता को समझने

(3) बिना किसी त्रुटि के संख्याओं को पढ़ने


(4) शब्दों में दी गई संख्याओं के समान संख्यांक लिखने

**57.** रिज़ुल एक गतिसंवेदी (kinesthetic) शिक्षार्थी है । उसकी शिक्षिका सुश्री नेहा उसकी अधिगम-शैली को समझती है । उसकी गुणन की संकल्पना को स्पष्ट करने के लिए उन्हें निम्नलिखित में से किस व्यूह-रचना का चयन करना चाहिए ?

(1) कटवा गिनती





(2) आड़ी-तिरछी रेखाओं पर प्रतिच्छेदन बिन्दुओं को गिनना




(3) सभी पहाड़ों को याद करने के लिए उस पर बल देना

(4) 2, 3, आदि के गुणज प्राप्त करने के लिए दो भिन्न रंग वाले मोती और धागे का प्रयोग करना



**58.** To teach various units of length to the students of Class III, a teacher shall take the following materials to the class :

(1) Relation chart of various units

(2) Centimeter ruler and measuring tape

(3) Rulers of different lengths and different units, measuring rod, measuring strip used by architects

(4) Measuring tape with centimeter on one side and meter on the other side

**58.** कक्षा III के विद्यार्थियों को लंबाई की विभिन्न इकाइयाँ पढ़ाने के लिए शिक्षक निम्नलिखित सामग्री कक्षा में ले जाएगा :

(1) विभिन्न इकाइयों का सम्बन्ध-चार्ट

(2) सेंटीमीटर वाला रूलर और नापने वाली टेप

(3) विभिन्न लंबाइयों और इकाइयों वाले रूलर (फुट्टा), नापने वाली छड़, नापने वाली पट्टी जो वास्तुकार द्वारा प्रयोग में लाई जाती है

(4) नापने वाली टेप जिसके एक तरफ सेंटीमीटर हो और दूसरी तरफ मीटर हो

**59.** A teacher uses the following riddle in a class while developing the concept of base 10 and place value :

'I am less than 8 tens and 4 ones.'

The objective of this activity is

(1) to introduce the concept of tens and ones to the students

(2) to have some fun in the class and to break monotony

(3) to reinforce the concept of base 10 and place value

(4) to do summative assessment

**59.** एक शिक्षक आधार 10 और स्थानीय मान की संकल्पना का विकास करते समय कक्षा में निम्नलिखित पहेली का प्रयोग करता है :

'मैं 8 दहाइयों और 4 इकाइयों से कम हूँ ।'

इस गतिविधि का उद्देश्य है

(1) विद्यार्थियों को दहाई और इकाई की संकल्पना से परिचित कराना

(2) कक्षा में कुछ मज़ा करना और एकरसता को तोड़ना

(3) आधार 10 और स्थानीय मान की संकल्पना को दृढ़ करना

(4) योगात्मक आकलन करना

**60.** Most appropriate strategy that can be used to internalize the skill of addition of money is

(1) Use of ICT

(2) Use of models

(3) Role play

(4) Solving lots of problems

**60.** सबसे उपयुक्त व्यूह-रचना, जिसका प्रयोग धनराशि के योग की कुशलता को आत्मसात करने के लिए किया जा सकता है, __________ है ।

(1) सूचना और संप्रेषण तकनीक (ICT) का प्रयोग करना

(2) प्रतिरूपों का प्रयोग करना

(3) भूमिका-निर्वाह (रोल प्ले)

(4) बहुत सारे सवाल हल करना

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

## PART III / भाग III
## ENVIRONMENTAL STUDIES / पर्यावरण अध्ययन

***Directions** : Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**61.** In which one of the following groups are the words intimately related ?

(1) Mosquito, Dengue, Iron, Jaggery

(2) Mosquito, Malaria, Anaemia, Iron

(3) Iron, Malaria, Anaemia, Blood

(4) Iron, Haemoglobin, Anaemia, Amla

**62.** Arti noticed the following precautions related to prevention of spread of a disease on a poster :

a. Do not let water collect around you

b. Keep water pots, coolers and tanks clean

c. Spray oil if water has collected at some place

d. Use nets to protect yourself

The poster is aimed at creating awareness about the spread of


(1) Typhoid and Cholera

(2) Dengue and Japanese Encephalitis

(3) Small pox and Malaria

(4) Dengue and Eye flu

**63.** Study the Venn diagram given below :




Which of the following animals can be placed at 'X' ?

(1) Fish

(2) Crocodile

(3) Eel

(4) Shark

***निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

**61.** निम्नलिखित में से कौन-से शब्द-समूह आपस में निकटीय रूप से सम्बन्धित हैं ?

(1) मच्छर, डेंगू, लौह, गुड़

(2) मच्छर, मलेरिया, अनीमिया (रक्त-अल्पता), लौह

(3) लौह, मलेरिया, अनीमिया, रक्त

(4) लौह, हीमोग्लोबिन, अनीमिया, आँवला

**62.** आरती एक पोस्टर पर एक बीमारी की रोकथाम से सम्बन्धित निम्नलिखित सावधानियाँ पढ़ती है :

a. अपने आस-पास पानी को जमा न होने दें

b. पानी के बर्तनों, कूलरों और टंकियों को साफ़ रखें

c. यदि कुछ जगहों पर पानी इकट्ठा हो जाता है तो तेल का छिड़काव करें

d. स्वयं के बचाव के लिए जाली का प्रयोग करें

पोस्टर का उद्देश्य है ________ के फैलने के बारे में जागरूकता पैदा करना ।


(1) टाइफ़ॉइड और हैज़ा

(2) डेंगू और जापानी मस्तिष्क-ज्वर (Encephalitis)

(3) चेचक और मलेरिया

(4) डेंगू और आई फ्लू

**63.** नीचे दिए गए वेन आरेख का अध्ययन कीजिए :




निम्नलिखित में से कौन-से जीव-जन्तु 'X' में रखे जा सकते हैं ?

(1) मछली

(2) मगरमच्छ

(3) ईल (सर्पमीन)

(4) शार्क

**64.** Anjali's friend suggested the following four ways to avoid tooth decay :

a. Brush your teeth twice a day

b. Wear braces to avoid enamel decay

c. Avoid sweets, chocolates and carbonated drinks

d. Rinse mouth after every meal

Which of the above ways should Anjali follow ?

(1) a and c

(2) b, c and d

(3) c, d and a

(4) d, a and b

**65.** An air-pump is kept in an aquarium in order to

(1) enhance the beauty of the aquarium

(2) make water cleaner

(3) provide more carbon dioxide to water plants

(4) allow more oxygen to dissolve in water

**66.** Which one of the following pairs of life processes occurs both in plants and animals ?

(1) Growth and reproduction

(2) Growth and food making

(3) Reproduction and food making

(4) Reproduction and germination

**67.** Which one of the following best describes the features on the surface of the Moon ?

(1) No air, no gravity, no water

(2) No air, no gravity, smooth surface

(3) No water, enough air, high mountains

(4) No water, deep craters, high mountains

**68.** A fish dies when it is put in an aquarium filled with previously boiled water but cooled to room temperature. This happens because the water in the aquarium is

(1) depleted in minerals

(2) unfit for swimming by fish

(3) depleted in oxygen

(4) unfit for drinking by fish

**64.** अंजलि की सहेली दाँतों में क्षय से बचने के निम्नलिखित चार तरीके बताती है :

a. दिन में दो बार ब्रश करें

b. इनेमिल कम न हो इसके लिए ब्रेसिज़ पहनें

c. मिठाई, चॉकलेट्स और कार्बन डाइऑक्साइड युक्त पेय-पदार्थ न लें

d. हर खाने के बाद कुल्ला करें

अंजलि को उपर्युक्त तरीकों में से किसका अनुपालन करना चाहिए ?

(1) a और c

(2) b, c और d

(3) c, d और a

(4) d, a और b

**65.** __________ के लिए मछलीघर (अक्वेरियम) में हवा वाला पंप रखा जाता है ।

(1) मछलीघर (अक्वेरियम) की शोभा बढ़ाने

(2) पानी को साफ़ करने

(3) जलीय पौधों को अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उपलब्ध कराने

(4) अधिक ऑक्सीजन को पानी में घुलने देने

**66.** निम्नलिखित में से जीवन-प्रक्रियाओं का कौन-सा युग्म पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं दोनों में मिलता है ?

(1) वृद्धि और प्रजनन

(2) वृद्धि और भोजन बनाना

(3) प्रजनन और भोजन बनाना

(4) प्रजनन और अंकुरण

**67.** निम्नलिखित में से कौन-सा चाँद की सतह की विशेषताओं के बारे में सबसे अच्छा वर्णन करता है ?

(1) हवा नहीं, गुरुत्व नहीं, पानी नहीं

(2) हवा नहीं, गुरुत्व नहीं, समतल सतह

(3) पानी नहीं, पर्याप्त हवा, ऊँचे पहाड़

(4) पानी नहीं, गहरे गह्वर, ऊँचे पहाड़

**68.** जब एक मछली को पहले से उबले, लेकिन कमरे के तापमान पर ठंडे किए गए पानी से भरे अक्वेरियम में डाला जाता है, तो वह मर जाती है । ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मछलीघर (अक्वेरियम) का पानी

(1) खनिज रहित है

(2) मछली के तैरने के योग्य नहीं है

(3) ऑक्सीजन रहित है

(4) मछली द्वारा पीने के योग्य नहीं है

69. Rekha's mother adds Phitkari (Alum) to water collected from the pond every day in order to

(1) kill germs in water

(2) decolourize water

(3) sediment light suspended impurities

(4) change hard water into soft water

70. In order to separate a mixture of sand and salt, which one of the following four sequences of processes has to be used ?

(1) Sedimentation, decantation, filtration, evaporation

(2) Filtration, decantation, evaporation, sedimentation

(3) Evaporation, sedimentation, decantation, filtration

(4) Decantation, sedimentation, evaporation, filtration

71. Weight-lifters are generally required to make more muscles and body mass. For this purpose, they need to take a diet which is rich in

(1) Vitamins

(2) Proteins

(3) Carbohydrates

(4) Fats

72. Which one of the following is a good cooking practice ?

(1) Cooking the vegetables by deep frying to kill bacteria

(2) Washing the vegetables nicely and then cutting

(3) Cutting the vegetables and then washing these in running water

(4) Keeping the vegetables in sunshine for some time before cutting and cooking

69. रेखा की माँ __________ के लिए रोज़ाना तालाब से लाए पानी में फिटकरी डालती है ।

(1) पानी में मौजूद रोगाणुओं को खत्म करने

(2) पानी को रंगरहित करने

(3) हल्के निलंबित अपद्रव्यों को अवसादित करने

(4) कठोर जल को मृदु जल में परिवर्तित करने

70. रेत और नमक के मिश्रण को पृथक् करने के लिए, प्रक्रियाओं के निम्नलिखित चार क्रमों में से किसका उपयोग किया जाना चाहिए ?

(1) अवसादन, निस्तारण, निस्यंदन, वाष्पन

(2) निस्यंदन, निस्तारण, वाष्पन, अवसादन

(3) वाष्पन, अवसादन, निस्तारण, निस्यंदन

(4) निस्तारण, अवसादन, वाष्पन, निस्यंदन

71. भारोत्तोलकों को प्रायः ज़्यादा माँसपेशियाँ और बॉडी मास (body mass) बनाने की आवश्यकता होती है । इस उद्देश्य के लिए, उन्हें ऐसा आहार लेने की आवश्यकता है जो __________ से भरपूर हो ।

(1) विटामिन

(2) प्रोटीन

(3) कार्बोहाइड्रेट्स

(4) वसा

72. निम्नलिखित में से भोजन बनाने का कौन-सा तरीका अच्छा है ?

(1) बैक्टीरिया नष्ट करने के लिए सब्ज़ियों को गहरे तलते हुए पकाना

(2) सब्ज़ियों को अच्छी तरह से धोना और फिर काटना

(3) सब्ज़ियों को काटना और तब उन्हें चलते पानी में धोना

(4) सब्ज़ियों को काटने और पकाने से पहले उन्हें कुछ समय के लिए धूप में रखना

73. While teaching how different food items can be kept fresh for some time, Radha enumerated the following techniques to her class :

a. Put it in a bowl and keep the bowl in an open container having cold water

b. Wrap it in a damp cloth

c. Spread it open in sunshine

d. Cut it into small pieces and keep it in the dark

Which one of the following food items is she referring to, corresponding to technique 'b' above ?

(1) Kaju Burfi

(2) Cooked rice

(3) Onion, garlic

(4) Green coriander

74. All big cities are facing the problem of environmental pollution as a result of a large number of vehicles on the roads. The best way an individual in the city can contribute towards environmental protection is by

(1) not keeping a personal vehicle like scooter, car, etc.

(2) getting the engine of personal vehicle checked regularly for environmental safe limits

(3) using a public transport system for travelling

(4) avoiding frequent travel outside the home

75. While performing experiments with water, Jyoti observed that an empty steel bowl floats but a small iron nail sinks in water. This can be explained by the fact that

(1) iron is heavier than water and steel is lighter than water

(2) iron is lighter than water and steel is heavier than water

(3) force on a steel bowl is more than its weight whereas force on an iron nail is lesser than its weight

(4) force on an iron nail is more than its weight whereas force on a steel bowl is lesser than its weight

73. यह पढ़ाते समय कि कुछ समय के लिए खाद्य पदार्थों को किस तरह ताज़ा रखा जा सकता है, राधा अपनी कक्षा में निम्नलिखित अनेक तकनीकों की परिगणना करती है :

a. उसे कटोरी में रखती है तथा कटोरी को एक खुले बर्तन में रख देती है जिसमें ठंडा पानी है

b. उसे एक गीले कपड़े में लपेट देती है

c. उसे धूप में खुला फैला देती है

d. उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काटती है और अँधेरे में रख देती है

उपर्युक्त तकनीक 'b' के लिए वह निम्नलिखित किस खाद्य पदार्थ की ओर संकेत कर रही है ?

(1) काजू बर्फी

(2) पके हुए चावल

(3) प्याज, लहसुन

(4) हरा धनिया

74. सभी बड़े शहर सड़कों पर भारी संख्या में वाहनों के कारण पर्यावरण-प्रदूषण की समस्या का सामना कर रहे हैं । पर्यावरण संरक्षण के लिए शहर के लोग व्यक्तिगत रूप से ________ के माध्यम से अपना सहयोग दे सकते हैं ।

(1) व्यक्तिगत वाहन, जैसे स्कूटर, कार, आदि नहीं रखने

(2) पर्यावरण सुरक्षित सीमा के लिए व्यक्तिगत वाहन के इंजन की नियमित रूप से जाँच करवाने

(3) आने-जाने के लिए सार्वजनिक यातायात व्यवस्था का प्रयोग करने

(4) अक्सर घर से बाहर जाने से बचने

75. पानी के साथ प्रयोग करते हुए, ज्योति यह देखती है कि स्टील की खाली कटोरी पानी पर तैरती है लेकिन लोहे की एक छोटी कील डूब जाती है । इसे ________ तथ्य द्वारा व्याख्यायित किया जा सकता है ।

(1) लौह पानी की तुलना में भारी है और स्टील पानी की तुलना में हल्का है

(2) लौह पानी की तुलना में हल्का है और स्टील पानी की तुलना में भारी है

(3) स्टील की कटोरी पर लगने वाला बल उसके भार की तुलना में ज़्यादा है जबकि लोहे की कील पर लगने वाला बल उसके भार की तुलना में कम है

(4) लोहे की कील पर लगने वाला बल उसके भार की तुलना में ज़्यादा है जबकि स्टील की कटोरी पर लगने वाला बल उसके भार की तुलना में कम है

76. Engage, Explore, Explain, Elaborate and Evaluate are five important 'Es' in relation to effective teaching of Science.

To provide practical experiences to the students related to the concept of 'Necessary conditions for germination', a Science teacher asks them to do the following activities :

a. Soak seeds overnight and keep these is a wet cotton cloth.
b. Observe the seeds after two days and record the changes.
c. Read the book and attempt the given worksheet.

Which of the five 'Es' given above are ***not*** being covered in the above activities given by the teacher ?

(1) Engage and Explore
(2) Engage and Evaluate
(3) Explain and Elaborate
(4) Explore and Evaluate

77. Which one of the following sequences of steps is the correct way of preparing a balanced question paper ?

(1) Writing the questions, preparing the blueprint, matching with the design, writing the marking scheme
(2) Preparing a design, preparing a blueprint, writing and editing the questions, writing the marking scheme
(3) Preparing the design, writing the questions, preparing the marking scheme, matching with the blueprint
(4) Writing and editing the questions, matching with the design, preparing the blueprint, writing the marking scheme

78. There are four below average students in a class. Which one of the following strategies will be most effective to bring them at par with the other students ?

(1) Give them additional assignments to do at home
(2) Make them sit in the front row and supervise their work constantly
(3) Identify their weak areas of learning and provide remedial measures accordingly
(4) Ensure that they attend the school regularly

76. शामिल करना (Engage), खोजबीन करना (Explore), व्याख्या करना (Explain), विस्तार देना (Elaborate) और मूल्यांकन करना (Evaluate), विज्ञान के प्रभावी शिक्षण से जुड़े पाँच महत्त्वपूर्ण 'Es' हैं ।

'अंकुरण के लिए आवश्यक स्थितियाँ' की संकल्पना से जुड़े व्यावहारिक अनुभवों को विद्यार्थियों को उपलब्ध कराते समय एक विज्ञान शिक्षक उनसे निम्नलिखित गतिविधियाँ करने के लिए कहती है :

a. बीजों को रातभर पानी में रखें और उन्हें सूती गीले कपड़े में रखें ।
b. दो दिनों बाद बीजों का अवलोकन करें और आए परिवर्तनों को रिकॉर्ड करें ।
c. पुस्तक पढ़ें और दिए गए कार्य-पत्रक (Worksheet) का काम करें ।

शिक्षक द्वारा दी गई उपर्युक्त गतिविधियों में इन पाँच 'Es' में से कौन-से शामिल ***नहीं*** होते ?

(1) Engage और Explore
(2) Engage और Evaluate
(3) Explain और Elaborate
(4) Explore और Evaluate

77. एक संतुलित प्रश्न-पत्र बनाने के लिए निम्नलिखित चरणों के क्रम में से कौन-सा सही तरीका है ?

(1) प्रश्न लिखना, ब्लूप्रिंट (रूपरेखा) तैयार करना, डिज़ाइन से मिलान करना, अंक-योजना लिखना
(2) डिज़ाइन तैयार करना, ब्लूप्रिंट तैयार करना, प्रश्न लिखना और उनका संपादन करना, अंक-योजना लिखना
(3) डिज़ाइन तैयार करना, प्रश्न लिखना, अंक-योजना तैयार करना, ब्लूप्रिंट से मिलान करना
(4) प्रश्न लिखना और उनका संपादन करना, डिज़ाइन से मिलान करना, ब्लूप्रिंट तैयार करना, अंक-योजना लिखना

78. एक कक्षा में औसत से कम वाले चार विद्यार्थी हैं । उन्हें अन्य विद्यार्थियों के समान लाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी व्यूह-रचना सबसे प्रभावी होगी ?

(1) उन्हें घर पर करने के लिए अतिरिक्त दत्त-कार्य देना
(2) उन्हें अगली पंक्ति में बैठाना और उनके काम का लगातार पर्यवेक्षण करना
(3) उनके अधिगम के कमज़ोर क्षेत्रों की पहचान करना और उसके अनुसार सुधारात्मक उपाय उपलब्ध कराना
(4) यह सुनिश्चित करना कि वे नियमित रूप से विद्यालय आएँ

**79.** A Science teacher administered a test after teaching the topic on 'Respiration' and observed that majority of the students did not understand the difference between respiration and breathing. This could be due to the reason that

(1) there was usually lot of indiscipline in her class

(2) she could not explain the related concept effectively in the class

(3) she was not their class teacher

(4) the students could not understand the question correctly

**80.** While teaching the topic on 'Air', an EVS teacher wanted to demonstrate that air has weight and occupies space. Her colleague suggested the following four different activities for this purpose to her :

a. Place an empty inverted beaker on the surface of the water and start pressing it down

b. Suck the juice through a straw

c. Blow air in a balloon

d. Tie two inflated balloons to a rod and establish equilibrium. Then puncture one of the balloons.

Which of the above activities will lead to demonstrating the desired result ?

(1) a and c

(2) a and b

(3) a and d

(4) b and d

**81.** Which one of the following teaching strategies will be most effective for maximum involvement of students in teaching the concept of food chain ?

(1) Ask students to explore possible food chains operating in different habitats

(2) Ask students to collect related information from internet

(3) Ask students to copy all examples of different food chains written on the black-board

(4) Make play-cards of organisms and ask student groups to arrange them to depict different food chains

**79.** एक विज्ञान शिक्षिका 'श्वसन' प्रकरण पढ़ाने के बाद परीक्षा का आयोजन करती है और यह देखती है कि अधिकांश विद्यार्थी श्वसन और साँस लेने के बीच अंतर को नहीं समझते हैं । यह किसके कारण हो सकता है ?

(1) शिक्षिका की कक्षा में प्रायः बहुत अनुशासनहीनता रहती है

(2) वह कक्षा में प्रभावी तरीके से सम्बन्धित संकल्पना को व्याख्यायित नहीं कर सकी

(3) वह उनकी कक्षा अध्यापिका नहीं है

(4) विद्यार्थी प्रश्न को सही तरीके से नहीं समझ सके

**80.** पर्यावरण अध्ययन (EVS) की शिक्षिका 'वायु' प्रकरण को पढ़ाते समय यह प्रदर्शित करना चाहती है कि वायु में भार होता है और वह जगह घेरती है । उसके सहयोगी इस उद्देश्य के लिए उसे निम्नलिखित चार भिन्न गतिविधियाँ सुझाते हैं :

a. खाली उलटा बीकर पानी की सतह के ऊपर रखें और उसे नीचे धकेलें

b. स्ट्रॉ के माध्यम से जूस को खींचना

c. गुब्बारे में हवा भरना

d. दो भरे हुए गुब्बारे एक छड़ से बाँधें तथा साम्यावस्था में ले आएँ । तब किसी एक गुब्बारे को फोड़ दें ।

उपर्युक्त गतिविधियों में से कौन-सी गतिविधियाँ वाँछनीय परिणामों को प्रदर्शित करेंगी ?

(1) a और c

(2) a और b

(3) a और d

(4) b और d

**81.** खाद्य शृंखला की संकल्पना को पढ़ाने में विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारिता के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षण व्यूह-रचना सबसे प्रभावी होगी ?

(1) विभिन्न आवासों में चलने वाली संभावित खाद्य-शृंखलाओं की खोज करने के लिए विद्यार्थियों को कहना

(2) विद्यार्थियों को इंटरनेट से सम्बन्धित जानकारी एकत्रित करने के लिए कहना

(3) श्यामपट्ट पर लिखी विभिन्न खाद्य-शृंखलाओं के सभी उदाहरणों को देखकर लिखने के लिए विद्यार्थियों से कहना

(4) जीवों के प्ले-कार्ड्स बनाना और विद्यार्थियों के समूह को विभिन्न खाद्य-शृंखलाओं को सोचते हुए उन्हें व्यवस्थित करने के लिए कहना

82. In order to introduce the topic on 'Nutrition' in class more effectively, a teacher should

(1) draw the diagram of digestive system on the black-board

(2) show the model of human denture

(3) ask the students to open their tiffin boxes, see the contents, followed by teacher's explanation

(4) give examples of different foods rich in nutrients

83. After having been taught about the rich flora and fauna in India, the students of primary classes were taken to Ranthambhore National Park by the school. This would help the students to

(1) have fun and enjoy with friends on an outdoor trip

(2) develop respect for nature

(3) co-relate classroom learning to real-life situations

(4) develop skills for environmental protection

84. The topic 'Depletion of Petroleum and Coal' was taught to Section A of a class by using multimedia capsule while the other Section B was taught through diagrams drawn on the Green Board. It was found later that students of Section A understood the topic to a better extent. This could be due to the reason that

(1) Audio-visual aids engage all the senses for better retention

(2) Green Board is not a good visual aid

(3) Multiple approach is closer to everyday life situations

(4) Use of multimedia aids is comparatively more economical

82. कक्षा में 'पोषण' प्रकरण का परिचय अधिक प्रभावी तरीके से देने के लिए एक शिक्षक को

(1) श्यामपट्ट पर पाचन-तंत्र का आरेख बनाना चाहिए

(2) मानव-दाँतों का प्रतिरूप दिखाना चाहिए

(3) विद्यार्थियों को अपने टिफिन बॉक्स खोलने और उसकी सामग्री (भोजन) को देखने के लिए कहना चाहिए तथा बाद में शिक्षक को व्याख्या करनी चाहिए

(4) पोषक तत्त्वों से भरपूर विभिन्न भोजन के उदाहरण देने चाहिए

83. भारत में समृद्ध वनस्पतिजात और प्राणीजात (flora-fauna) के बारे में पढ़ाने के बाद, विद्यालय द्वारा प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को रणथंभोर राष्ट्रीय उद्यान ले जाया जाता है। यह __________ में विद्यार्थियों की सहायता करेगा।

(1) बाहरी भ्रमण में दोस्तों के साथ मज़ा लेने

(2) प्रकृति के प्रति सम्मान विकसित करने

(3) कक्षीय अधिगम को वास्तविक जीवन-स्थितियों के साथ जोड़ने

(4) पर्यावरण संरक्षण के लिए कौशलों के विकास

84. एक कक्षा के अनुभाग 'अ' को 'पेट्रोलियम और कोयले के भंडारों में रिक्तिकरण' प्रकरण पढ़ाने के लिए 'मल्टीमीडिया कैप्सूल' (Multimedia Capsule) का प्रयोग किया गया जबकि अनुभाग 'ब' को ग्रीन बोर्ड पर आरेख बनाते हुए पढ़ाया गया। बाद में यह पाया गया कि अनुभाग 'अ' के विद्यार्थियों ने एक बेहतर सीमा तक प्रकरण को समझ लिया। ऐसा होने का कारण यह हो सकता है कि

(1) दृश्य-श्रव्य सामग्रियाँ बेहतर संधारण के लिए सभी इंद्रियों को शामिल करती हैं

(2) ग्रीन बोर्ड एक अच्छी दृश्य सामग्री नहीं है

(3) बहु उपागम दैनिक जीवन-स्थितियों के अधिक नज़दीक है

(4) मल्टीमीडिया सामग्रियों का प्रयोग अपेक्षाकृत अधिक मितव्ययी (economical) है

85. Samir of Class V usually does not submit his assignments to the EVS teacher in time. The best corrective measure could be to

(1) write a note to parents about his irregularity

(2) bring it to the notice of the Principal

(3) stop him from going to the games class

(4) find out the reasons for irregularity and counsel Samir

86. The major purpose of periodic parent – teacher interactions is to

(1) highlight each other's shortcomings

(2) share the information about ongoing events in the school

(3) discuss the child's strengths and weaknesses for reinforcement and improvement

(4) develop a social relationship with each other

87. While teaching the topic on 'Air is everywhere', a teacher asks the following questions from the students :

a. Is there air in the soil ?

b. Is there air inside water ?

c. Is there air inside our body ?

d. Is there air inside our bones ?

Which one of the following skills is the teacher trying to develop in the learners ?

(1) Observation skills

(2) Classification skills

(3) Thinking skills

(4) Emotional skills

85. कक्षा V का समीर अक्सर समय पर पर्यावरण अध्ययन की शिक्षिका के पास दत्त-कार्य जमा नहीं कराता । इससे निबटने का सर्वोत्तम सुधारात्मक उपाय हो सकता है

(1) उसकी अनियमितता के बारे में अभिभावकों के लिए एक नोट लिखना

(2) इस बात के विषय में प्रधानाचार्य को सूचित करना

(3) उसे खेल-कूद की कक्षा में जाने से रोकना

(4) अनियमितता के कारण पता करना और समीर को परामर्श देना

86. अभिभावक – शिक्षक अंतःक्रियाओं को उपलब्ध कराने का मुख्य उद्देश्य है

(1) एक-दूसरे की कमियों को उजागर करना

(2) विद्यालय में हो रहे क्रियाकलापों के बारे में जानकारी को साझा करना

(3) पुनर्बलन और सुधार के लिए बच्चे की योग्यताओं और कमज़ोरियों के बारे में चर्चा करना

(4) एक-दूसरे के साथ सामाजिक सम्बन्ध विकसित करना

87. 'वायु हर जगह है' प्रकरण पर पढ़ाते समय एक शिक्षक विद्यार्थियों से निम्नलिखित प्रश्न पूछता है :

a. क्या मृदा में वायु है ?

b. क्या पानी के अंदर वायु है ?

c. क्या हमारे शरीर में वायु है ?

d. क्या हमारी हड्डियों में वायु है ?

शिक्षक शिक्षार्थियों में निम्नलिखित में से कौन-सा कौशल विकसित करने का प्रयास कर रहा है ?

(1) अवलोकन कौशल

(2) वर्गीकरण कौशल

(3) चिंतन कौशल

(4) संवेगात्मक कौशल

**88.** A teacher can identify a stressed child when the child shows the following behaviour :

(1) Hyperactivity

(2) Aggressive behaviour

(3) Full concentration in studies

(4) Excessive talking

**88.** एक शिक्षिका तनावग्रस्त बच्चे की पहचान कर सकती है जब बच्चा निम्नलिखित व्यवहार प्रदर्शित करता है :

(1) हाइपरएक्टिविटी (अतिसक्रियता)

(2) आक्रामक व्यवहार

(3) पढ़ाई में पूर्ण एकाग्रता

(4) बहुत बात करना

**89.** Which one of the following four teaching methodologies followed by four different Science teachers for teaching the topic 'Air Pollution' is most appropriate ?

(1) Asking the students to read the topic from the text-book loudly and explaining the meaning of concepts/terms

(2) Dictating the answers to all the questions in the exercise after completing the topic

(3) Showing a documentary film on 'Air Pollution' to the students

(4) Asking the students to collect air samples before and after Diwali, study their quality and tabulate the findings

**89.** 'वायु प्रदूषण' प्रकरण पढ़ाने के लिए चार अलग-अलग विज्ञान शिक्षक चार तरह की शिक्षण-पद्धतियों का प्रयोग करते हैं । निम्नलिखित में से कौन-सी पद्धति सबसे ज़्यादा उचित है ?

(1) विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तक में से प्रकरण का सस्वर पठन करने के लिए कहना और संकल्पना/शब्दावली का अर्थ स्पष्ट करना

(2) प्रकरण पूरा करने के बाद अभ्यास में दिए गए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखवाना

(3) विद्यार्थियों को 'वायु प्रदूषण' पर वृत्तचित्र दिखाना

(4) विद्यार्थियों से कहना कि वे दीपावली से पहले और बाद में वायु के नमूने इकट्ठे करें और उनकी गुणवत्ता का अध्ययन करते हुए निष्कर्षों को सारणीकृत करें

**90.** While teaching the topic 'Friction' to Class V students, a teacher gave a number of examples to explain that friction is also useful to us in many ways. Which one of the following examples was quoted by her *incorrectly* ?

(1) A vehicle stops on application of brakes

(2) We are able to write due to friction between the tip of the pen and the paper

(3) We are able to walk because of friction between our shoes and the ground

(4) An object thrown vertically upwards always comes back to us due to friction

**90.** कक्षा V के विद्यार्थियों को 'घर्षण' प्रकरण पढ़ाते समय शिक्षिका यह समझाने के लिए अनेक उदाहरण देती है कि घर्षण हमारे लिए कई तरीकों से उपयोगी है । उसके द्वारा दिए गए निम्नलिखित उदाहरणों में से कौन-सा *ग़लत* है ?

(1) ब्रेक लगाने पर वाहन रुक जाता है

(2) पेन की नोक (tip) और पेपर के बीच होने वाले घर्षण के कारण ही हम लिख पाते हैं

(3) हमारे जूतों और ज़मीन के बीच होने वाले घर्षण के कारण ही हम चल पाते हैं

(4) ऊर्ध्वाधर रूप से ऊपर फेंकी गई वस्तु घर्षण के कारण हमेशा हमारे पास ही वापस आती है

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for ENGLISH as LANGUAGE – I.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **अंग्रेज़ी** चुना हो ।

# PART IV
## LANGUAGE I
## ENGLISH

***Directions** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. No. 91 to 99) by selecting the **most appropriate** option.*

Our body is a wondrous mechanism and when subjected to unusual stress over a period of time, it adapts itself to deal more effectively with that stress. Therefore, when you exert your muscles against resistance, they are forced to adapt and deal with this extraordinary workload. This is the principle of weight training. Strands of muscle fibres become thicker and stronger in response to the demands placed on them.

One of the great merits of weight training is the strength of your heart. During weight training, your heart is forced to beat faster and stronger in order to pump sufficient blood to the muscles being worked. In time, your heart, like your body, will adapt to this extra-workload by becoming stronger and more efficient. Since your body needs a given amount of blood to perform its daily tasks, your heart will now need fewer beats to pump the same quantity of blood. Sounds good ? There's more. Your entire circulatory system is given a thorough workout every time you exercise, which increases its overall efficiency. Even the neural paths from your brain's command centres to each individual muscle become more effective, enabling easier recruitment of muscle fibres for carrying out physical tasks. In essence, your body becomes a well-oiled and finely-tuned piece of machinery, whirring along without any breakdown. In today's stress-filled world, you need all the help you can get.

**91.** The principle of weight training is

(1) helping the body adapt to increased stress

(2) training muscles to exert more pressure

(3) disposing extra workload

(4) thickening of body through extra consumption

**92.** Weight training makes the muscles

(1) become intense

(2) resist workload

(3) thicker and stronger

(4) become stranded

**93.** During weight training, the heart pumps

(1) less blood

(2) more blood

(3) required blood

(4) an extraordinary amount of blood

**94.** A stronger and more efficient heart

(1) beats faster and more often to pump blood

(2) needs fewer beats to pump the same amount of blood

(3) can rest longer, reducing its workload

(4) is assisted by muscles of the body

**95.** When neural paths become more effective

(1) the brain functions at extraordinary speed

(2) the brain opens new pathways for communication

(3) the brain employs various muscles easily for physical tasks

(4) the muscles function effectively and independently

**96.** What does the term 'well-oiled' in the passage denote ?

(1) Healthy

(2) Serviced

(3) Massaged

(4) Greased

**97.** Which one of the following is the most appropriate title for the passage ?

(1) Health is Wealth

(2) Stressbusting

(3) The Mechanics of Weight Training

(4) How to retain your health ?

**98.** What does the above passage suggest ?

(1) We should carry out physical exercise as a routine

(2) Physical exercise is necessary occasionally

(3) We should ignore physical exercise

(4) We should subject our body to as much exercise as it can withstand

**99.** The word 'wondrous' (first line) is

(1) a verb

(2) a noun

(3) an adverb

(4) an adjective

***Directions :*** *Read the poem given below and answer the questions that follow (Q. No. 100 to 105) by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

**Night**

The sun descending in the west,
The evening star does shine;
The birds are silent in their nest,
And I must seek for mine.
The moon, like a flower,
In heaven's high bower,
With silent delight
Sits and smiles on the night.
Farewell, green fields and happy groves,
Where flocks have took delight.
Where lambs have nibbled, silent moves
The feet of angels bright;
Unseen they pour blessing,
And joy without ceasing,
On each bud and blossom,
And each sleeping bosom.
They look in every thoughtless nest,
Where birds are covered warm;
They visit caves of every beast,
To keep them all from harm.
If they see any weeping
That should have been sleeping,
They pour sleep on their head,
And sit down by their bed.

**100.** The evening star rises when

(1) it is dawn

(2) the sun descends in the west

(3) the birds leave their nests

(4) it is midnight

**101.** Here, 'bower' represents

(1) a bouquet of flowers

(2) a flower vase

(3) a potted plant

(4) a framework that supports climbing plants

**102.** The poet compares moon to

(1) an evening star

(2) an angel

(3) a flower

(4) a bird in the nest

**103.** The angels come down on earth to

(1) make people dance and have fun

(2) take blessing and joy

(3) spread moonlight

(4) give blessing and joy

**104.** Birds' nest is described as 'thoughtless' because

(1) it is made without any thought

(2) the occupants are asleep without any care

(3) the angels are blessing the birds to be happy

(4) the birds are covered in the warmth of their nest

**105.** The figure of speech used in the line 'In heaven's high bower' is

(1) Alliteration

(2) Simile

(3) Metaphor

(4) Personification

***Directions** : Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**106.** Scanning means darting over much of a text to search for

(1) the central idea

(2) the opinion of the author

(3) difficult words

(4) a specific item or piece of information that we wish to discover

**107.** A 'sight word' is a vocabulary item

(1) that the reader recognises and finds meaningful on sight without a complicated analysis

(2) that needs proper visual understanding of the context

(3) that is to be learned by heart

(4) that helps in judging the effectiveness of the author's style

**108.** A good introduction to a text should be

(1) short and to the point

(2) telling the students anything that they can find out for themselves by reading the text

(3) a detailed explanation of the meaning of the text

(4) blocking the student's active involvement by means of questioning

**109.** Which of the following is an important stage in the writing process ?

(1) Comprehension

(2) Editing

(3) Memorisation

(4) Calligraphy

**110.** Curriculum is an educational programme which does ***not*** state

(1) the educational purpose of a programme

(2) the number of lessons to be taught in a term

(3) the means of evaluating whether the educational objectives have been achieved or not

(4) the content (material etc.), teaching strategies and learning experiences which will be necessary to achieve this purpose

**111.** We use real objects to teach young learners new words because

(1) it helps learners associate words with objects they see in real life

(2) it helps in teaching the correct spelling of words

(3) we can teach vocabulary only through objects

(4) young learners are not capable of abstract thinking

**112.** The best way to sensitise young learners to rhythm and intonation is

(1) by explaining the rules of phonetics in simple words

(2) by reading out poems in different metres and explaining them

(3) by making the learners listen to nursery rhymes and recite them effectively

(4) by making the learners copy out simple poems in neat handwriting

**113.** Telling interesting stories to young learners is primarily meant for improving their

(1) Reading skills

(2) Writing skills

(3) Speaking skills

(4) Listening skills

**114.** The main purpose of using oral drill is

(1) to improve the retention capacity of learners

(2) to assess the comprehension skills of learners

(3) to improve pronunciation and accuracy

(4) to enhance the speaking skills of learners

**115.** Seating arrangement should be flexible so that

(1) children have the freedom to move their seats wherever they want

(2) many group, pair and whole-class activities can be conducted easily

(3) children do not form permanent friendship groups

(4) the teacher ensures equality prevails in her classroom

**116.** Knowledge of more than one language

(1) causes interference in learning a new language

(2) becomes a burden to the teacher in the language classroom

(3) confuses the learners while learning a new language

(4) is very helpful in teaching and learning a new language

**117.** An effective language teacher

(1) will rely entirely on the prescribed text-book

(2) will make children learn all the answers to the questions given in the text-book

(3) will use the text-book as well as other material as resources for teaching

(4) will prepare question papers using only the questions given in the text-book

**118.** A teacher engages her learners in a fun activity before beginning a new lesson. The purpose of this activity is to

(1) motivate and energise the learners

(2) discipline the learners before the lesson

(3) divert the attention of the learners

(4) reduce the workload of the teacher

**119.** The most effective tool to assess values and attitude of learners is

(1) Summative Test

(2) Anecdotal Record

(3) Portfolio

(4) Unit Test

**120.** Continuous and Comprehensive Evaluation should be adopted by all schools because

(1) it affords teachers opportunities to test learners frequently

(2) it is the latest development in the field of education

(3) traditional pen–paper tests do not assess and enhance all the attributes and abilities of learners

(4) it frees the learners from studies and hard work

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for HINDI as LANGUAGE – I.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

# भाग IV
# भाषा I
# हिन्दी

***निर्देश :*** *गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 91 से 99) में* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

समस्याओं का हल ढूँढ़ने की क्षमता पर एक अध्ययन किया गया । इसमें भारत में तीन तरह के बच्चों के बीच तुलना की गई — एक तरफ वे बच्चे जो दुकानदारी करते हैं पर स्कूल नहीं जाते, ऐसे बच्चे जो दुकान सँभालते हैं और स्कूल भी जाते हैं और तीसरा समूह उन बच्चों का था जो स्कूल जाते हैं पर दुकान पर कोई मदद नहीं करते ।

उनसे गणना के व इबारती सवाल पूछे गए । दोनों ही तरह के सवालों में उन स्कूली बच्चों ने जो दुकानदार नहीं हैं, मौखिक गणना या मनगणित का प्रयोग बहुत कम किया, बनिस्बत उनके जो दुकानदार थे । स्कूली बच्चों ने ऐसी ग़लतियाँ भी कीं, जिनका कारण नहीं समझा जा सका । इससे यह साबित होता है कि दुकानदारी से जुड़े हुए बच्चे हिसाब लगाने में ग़लती नहीं कर सकते क्योंकि इसका सीधा असर उनके काम पर पड़ता है, जबकि स्कूलों के बच्चे वही हिसाब लगाने में अक्सर भयंकर ग़लतियाँ कर देते हैं ।

इससे यह स्पष्ट होता है कि जिन बच्चों को रोज़मर्रा की ज़िंदगी में इस तरह के सवालों से जूझना पड़ता है, वे अपने लिए ज़रूरी गणितीय क्षमता हासिल कर लेते हैं ।

लेकिन साथ ही इस बात पर भी गौर करना महत्त्वपूर्ण है कि इस तरह की दक्षताएँ एक स्तर तक और एक कार्य-क्षेत्र तक सीमित होकर रह जाती हैं । इसलिए वे सामाजिक व सांस्कृतिक परिवेश जो कि ज्ञान को बनाने व बढ़ाने में मदद करते हैं, वही उस ज्ञान को संकुचित और सीमित भी कर सकते हैं ।

**91.** समस्याओं का हल खोजने पर आधारित अध्ययन किस विषय से जुड़ा हुआ था ?

(1) भाषा
(2) दुकानदारी
(3) सामाजिक विज्ञान
(4) गणित

**92.** किन बच्चों ने सवाल हल करने में मौखिक गणना का ज़्यादा प्रयोग किया ?

(1) जो स्कूली बच्चे दुकानदारी नहीं करते
(2) जो दुकानदारी करते हैं
(3) जो सिर्फ़ स्कूल जाते हैं
(4) जो बच्चे न तो दुकानदारी करते हैं और न ही स्कूल जाते हैं

**93.** अनुच्छेद के आधार पर कहा जा सकता है कि

(1) बच्चों को गणित सीखना चाहिए
(2) बच्चों को गणित सीखने के लिए दुकानदारी करनी चाहिए
(3) बच्चे रोज़मर्रा के जीवन में काम आने वाली दक्षताओं को स्वतः ही हासिल कर लेते हैं
(4) सिर्फ़ दुकानदार बच्चे ही गणित सीख सकते हैं

**94.** दुकानदार बच्चे हिसाब लगाने में प्रायः ग़लती नहीं करते क्योंकि

(1) इससे उन्हें माता-पिता से डाँट पड़ेगी
(2) वे जन्म से ही बहुत ही दक्ष हैं
(3) वे कभी भी ग़लती नहीं करते
(4) ग़लती का असर उनके काम पर पड़ता है

**95.** जो दक्षताएँ हमारे दैनिक जीवन में काम नहीं आतीं उनमें हमारा प्रदर्शन अक्सर

(1) ख़राब होता है
(2) अच्छा होता है
(3) ख़राब-अच्छा होता रहता है
(4) संतोषजनक होता है

**96.** अनुच्छेद के आधार पर बताइए कि सामाजिक व सांस्कृतिक परिवेश ज्ञान को

(1) बनाने में मदद करता है

(2) संकुचित कर सकता है

(3) सीमित कर सकता है

(4) बनाने में मदद भी करता है और उसे संकुचित, सीमित भी कर सकता है

**97.** 'इक' प्रत्यय का उदाहरण है

(1) सीमित

(2) संकुचित

(3) सांस्कृतिक

(4) चूँकि

**98.** 'मनगणित' का अर्थ है

(1) मनपसंद गणित

(2) मन-ही-मन हिसाब लगाना

(3) कठिन गणित

(4) मनगढ़ंत गणित

**99.** संयुक्त क्रिया का उदाहरण है

(1) स्कूल जाते हैं

(2) अध्ययन किया गया

(3) दुकान सँभालते हैं

(4) हिसाब लगाते हैं

***निर्देश :*** *कविता को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 100 से 105) में* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

हरा-भरा हो जीवन अपना स्वस्थ रहे संसार,
नदियाँ, पर्वत, हवा, पेड़ से आती है बहार ।
बचपन, कोमल तन-मन लेकर,
आए अनुपम जीवन लेकर,
जग से तुम और तुमसे है ये प्यारा संसार,
हरा-भरा हो जीवन अपना स्वस्थ रहे संसार,
वृंद-लताएँ, पौधे, डाली
चारों ओर भरे हरियाली
मन में जगे उमंग यही है सृष्टि का उपहार,
हरा-भरा हो जीवन अपना स्वस्थ रहे संसार,
मुश्किल से मिलता है जीवन,
हम सब इसे बनाएँ चंदन
पर्यावरण सुरक्षित न हो तो है सब बेकार
हरा-भरा हो जीवन अपना स्वस्थ रहे संसार

**100.** 'हरा-भरा जीवन' का अर्थ है

(1) हरियाली-युक्त जीवन

(2) ख़ुशियों से परिपूर्ण जीवन

(3) पेड़-पौधों से घिरा जीवन

(4) हरे रंगों से भरा जीवन

**101.** कौन-सी चीज़ें बहार लेकर आती हैं ?

(1) समस्त प्राकृतिक उपादान

(2) पेड़ों की हवा

(3) नदियों की आवाज़

(4) पहाड़ों की चोटियाँ

**102.** कवि ने सृष्टि का उपहार किसे कहा है ?

(1) प्राकृतिक सुंदरता और उससे उत्पन्न होने वाली ख़ुशी

(2) पौधे व डालियाँ

(3) वृंद-लताएँ

(4) हरा-भरा जीवन

**103.** कवि यह संदेश देना चाहता है कि

(1) प्रकृति में पेड़-पौधे, नदियाँ, पर्वत शामिल हैं

(2) चंदन के पेड़ लगाने चाहिए

(3) जीवन में सब बेकार है

(4) पर्यावरण-संरक्षण में ही जीवन संभव है

**104.** 'जग से तुम और तुम से है ये प्यारा संसार' पंक्ति के माध्यम से कवि कहना चाहता है कि

(1) व्यक्ति का अस्तित्व संसार से स्वतंत्र है

(2) संसार का अस्तित्व व्यक्तियों से स्वतंत्र है

(3) व्यक्ति और संसार — दोनों का अस्तित्व एक-दूसरे पर निर्भर करता है

(4) संसार चलाने के लिए व्यक्तियों की आवश्यकता होती है

**105.** 'अनुपम' से अभिप्राय है

(1) मनोहारी

(2) जिसकी उपमा न दी जा सके

(3) सुखद

(4) आनंदमय

***निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए ।***

**106.** बच्चे विद्यालय आने से पहले

(1) भाषा का समुचित उपयोग करने में समर्थ नहीं होते

(2) भाषा के चारों कौशलों पर पूर्ण अधिकार रखते हैं

(3) अपनी भाषा की नियमबद्ध व्यवस्था की व्यावहारिक कुशलता के साथ आते हैं

(4) कोरी स्लेट होते हैं

**107.** भाषा

(1) सदैव व्याकरण के नियमों का ही अनुगमन करती है

(2) नियमों की जानकारी से ही निखरती है

(3) विद्यालय में ही सीखी जाती है

(4) एक नियमबद्ध व्यवस्था है

**108.** मंदिरा पहली कक्षा में पढ़ती है और वह 'मुझे आम बहुत अच्छा लगता है ।', 'मैं थक गई ।' आदि वाक्यों का प्रयोग करती है । मंदिरा

(1) केवल 'मैं' वाले वाक्य ही बोल सकती है

(2) लिंग, वचन, क्रिया आदि की दृष्टि से सर्वनाम का प्रयोग करना जानती है

(3) केवल सर्वनाम का ही प्रयोग जानती है

(4) केवल लिंग की दृष्टि से ही सर्वनाम का समुचित प्रयोग करना जानती है

**109.** बहुभाषिकता

(1) भाषा सीखने में एक महत्त्वपूर्ण संसाधन है

(2) भाषा सिखाने में बहुत बड़ी बाधा है

(3) भाषायी समृद्धि को ख़तरे में डालती है

(4) भाषा सीखने में बाधा उत्पन्न करती है

**110.** भाषा की पाठ्य-पुस्तक का निर्माण करते समय **सबसे** कम महत्त्वपूर्ण बिन्दु है

(1) विषय-वस्तु में वैविध्य

(2) भाषा की विभिन्न छटाएँ

(3) अभ्यासों में वैविध्य

(4) पाठों की संख्या

**111.** भाषा-अर्जन और भाषा-अधिगम के संदर्भ में कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(1) भाषा-अर्जन सहज और स्वाभाविक होता है जबकि भाषा-अधिगम प्रयासपूर्ण होता है

(2) सांस्कृतिक विभिन्नता भाषा-अर्जन और भाषा अधिगम को प्रभावित करने वाला महत्त्वपूर्ण कारक है

(3) भाषा-अर्जन में विभिन्न संकल्पनाएँ मातृभाषा में बनती हैं

(4) भाषा-अधिगम में कभी भी अनुवाद का सहारा नहीं लिया जाता

**112.** दृष्टिबाधित बच्चों को भाषा सिखाते समय

(1) कम पाठों वाली पाठ्य-पुस्तक का निर्माण किया जाना चाहिए

(2) अधिक-से-अधिक मौखिक भाषा का प्रयोग करना चाहिए

(3) उन्हें कक्षा में अलग बैठाना चाहिए ताकि उन पर विशेष ध्यान दिया जा सके

(4) उन्हें विभिन्न भाषिक गतिविधियों में शामिल नहीं करना चाहिए

**113.** एक से अधिक भाषाओं का प्रयोग

(1) संज्ञानात्मक विकास में सहायक है

(2) किसी भी एक भाषा में निपुणता में बाधक है

(3) कक्षायी जटिलताओं को बढ़ाता है

(4) शिक्षकों के लिए गहन समस्या है

**114.** निम्नलिखित में से कौन-सा द्वितीय भाषा-शिक्षण का उद्देश्य ***नहीं*** है ?

(1) दैनिक जीवन में हिंदी में समझने तथा बोलने की क्षमता का विकास

(2) बोलने की क्षमता के अनुरूप लिखने की क्षमता का विकास

(3) विभिन्न क्षेत्रों, स्थितियों में हिंदी की विभिन्न प्रयुक्तियों को समझने की योग्यता का विकास

(4) हिंदी के व्याकरणिक नियमों को कंठस्थ करना

**115.** एक बहुभाषिक कक्षा में आप किसे सबसे कम महत्त्व देंगे ?

(1) कक्षा के बहुभाषिक और बहुसांस्कृतिक संदर्भों के प्रति संवेदनशीलता

(2) बच्चों को सिखाना कि दो भाषाओं के मध्य विद्यमान समानता व अंतर का विश्लेषण कैसे किया जाता है

(3) विभिन्न प्रकार का बाल साहित्य

(4) कक्षा में विभिन्न प्रकार की सामग्री से समृद्ध वातावरण

**116.** हिंदी भाषा का मूल्यांकन करते समय आप सबसे ज़्यादा किसे महत्त्व देंगे ?

(1) निबंध लिखने की योग्यता

(2) व्याकरणिक नियम

(3) सीखने की क्षमता का आकलन

(4) काव्य-सौंदर्य

**117.** प्राथमिक स्तर पर भाषा की पाठ्य-पुस्तकों में किस तरह की रचनाओं को स्थान दिया जाना चाहिए ?

(1) जो प्रत्यक्ष रूप से मूल्यों पर आधारित हो

(2) केवल कहानियाँ अथवा कविताएँ

(3) विदेशी साहित्य की रचनाएँ

(4) ऐसी रचनाएँ जो बच्चों के परिवेश से जुड़ी हों और जिनमें भाषा की अलग-अलग छटाएँ हों

**118.** बच्चों की मौखिक अभिव्यक्ति का विकास करने के लिए सबसे कम प्रभावी तरीक़ा कौन-सा है ?

(1) बातचीत करना

(2) संवाद-अदायगी

(3) व्याकरण-आधारित संरचना-अभ्यास

(4) अपने अनुभवों का वर्णन

**119.** निम्नलिखित में से कौन-सा बच्चों की भाषिक क्षमता के आकलन का सबसे उचित तरीक़ा है ?

(1) संज्ञा को परिभाषित कीजिए

(2) संज्ञा शब्दों के दो उदाहरण दीजिए

(3) 'बादल', 'आसमान', 'चिड़िया', 'बच्चे' आदि संज्ञा शब्दों का प्रयोग करते हुए एक कहानी लिखिए

(4) संज्ञा की परिभाषा को पूरा कीजिए

**120.** भाषा सीखने के लिए कौन-सा कारक सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है ?

(1) भाषा की पाठ्य-पुस्तक

(2) समृद्ध भाषिक वातावरण

(3) भाषा के व्याकरणिक नियम

(4) पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तर

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for ENGLISH as LANGUAGE – II.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **अंग्रेज़ी** चुना हो ।

# PART V
# LANGUAGE II
# ENGLISH

***Directions** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. No. 121 to 129) by selecting the **most appropriate** option.*

Anaesthesia in any part of the body means a loss of sensation, either permanent or temporary. The term is usually used to describe the artificially produced loss of sensation which makes a surgical operation painless.

There are four main types of anaesthesia : general, spinal, regional, and local. Anaesthetics may be given as gases, by inhalation; or as drugs injected into a vein. A patient given general anaesthesia loses consciousness. Anaesthesia of a fairly large area of the body results from injecting the anaesthetic drug into the spinal canal : all that portion of the body below the level at which the drug is injected is anaesthetized. Regional anaesthesia is the injecting of the nerves as they emerge from the spinal column : the anaesthesia induced by this method affects only that area of the body supplied by those nerves. In local anaesthesia, the drug is injected directly at the site of the operative incision and sometimes also into the nearby surrounding tissues.

Formerly the most commonly used local anaesthetic was cocaine, a drug extracted from the leaves of the coca bush and introduced in 1879. But cocaine has some disadvantages and, sometimes, undesirable side-effects. For spinal, regional and local anaesthesia, procaine, or one of the several modifications of procaine, is now widely used instead of cocaine. For very limited and short operations, such as opening a small abscess, local anaesthesia may be induced by spraying (rather than injecting) a chemical, ethyl chloride, on a small area of the skin; in changing from the liquid to the gaseous state, this drug freezes the area sprayed, and permits painless incision.

**121.** When a part of the body is anaesthetised,

(1) that part loses the ability to feel any pain

(2) the nearby organ loses its function permanently

(3) the body loses its consciousness

(4) the part gets excited

**122.** The real purpose of using anaesthetics is

(1) to cure patients of diseases

(2) to make patients unconscious

(3) to perform operations without causing pain

(4) to artificially produce loss of sensation

**123.** An anaesthetic is inhaled when it is administered

(1) as a drug

(2) by injection

(3) as a gas

(4) as a spray

**124.** When a gas is used as an anaesthetic, the anaesthesia is

(1) general

(2) spinal

(3) local

(4) regional

**125.** Spinal anaesthesia is resorted to when

(1) a patient has to be made unconscious

(2) a small area has to be anaesthetised

(3) the operation involves a big area of the body

(4) a drug has to be injected into the vein

**126.** The expression 'the site of the operative incision' (lines 22–23) means

(1) all the surrounding tissues

(2) the place at which a cut is to be made

(3) the spot at which the anaesthetic has to be injected

(4) the area of the body supplied by specific nerves

**127.** An 'abscess' (line 34) is

(1) a deep hole

(2) an operative incision

(3) a collection of poisonous matter in a hole in the body

(4) an open wound requiring surgery

**128.** The word opposite in meaning to the word 'formerly' (line 25) is

(1) industrially

(2) fortunately

(3) later

(4) significant

**129.** 'Anaesthetic' (line 26) is

(1) a verb

(2) an adjective

(3) an adverb

(4) a noun

***Directions** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. No. 130 to 135) by selecting the **most appropriate** option.*

The farmer is up before dawn on shearing-day, driving his flock into pens. By eight o'clock the shearers arrive and, after a hearty breakfast, they take their places on long benches that the farmer has improvised in the pens. Shears are taken from leather cases and sharpened with whetstones; a fire is lighted to heat pitch for the marking; and the work begins.

Soon the shearers fall into their routine. A lad seizes a sheep from the pen and ties its feet — not with a cord, because that might injure it, but with a strip of sacking. The sheep is carried to the benches, and the shearer begins to slice off the wool. First he shears the coarse wool from the sheep's belly, then lays the animal on its side on the bench between his legs while he snips at the curly wool round the neck. He works to and fro along the ribs, peeling the wool back until it hangs like a cloak doubled back over the animal. Then he turns the sheep over and begins on the unclipped side. In a few moments the whole fleece falls away in one piece, looking like a dirty grey rug. A few more snips from the shears and the wool is cut from either side of the sheep's tail, leaving the animal white and naked. The shearer pushes the sheep to the ground and immediately calls for another animal. Meanwhile the lad daubs the farmer's mark in pitch on the newly shorn sheep, unties her legs, and drives her out of the shearing pens.

A second lad — the farmer's son — seizes the fleece as it is tossed aside, rolls it up, tucking the tail-wool in first, and secures the bundle by knotting the neck. Any loose clippings are gathered separately.

The work continues till one o'clock, when the farmer's wife summons the men to dinner. Each man finishes the sheep that is beside him, then the whole party goes back to the farm house. The men troop into the farm kitchen, leaving their dogs to scuffle in the yard. After the shortest of dinner-breaks — for there is much to be done — the shearing continues, and the pile of fleeces mounts.

**130.** What expression in the first paragraph suggests that shearing does ***not*** take place very often ?

(1) improvised

(2) flock

(3) whetstones

(4) shearing-day

**131.** The shearer first cuts the wool from the __________ of the sheep.

(1) underside

(2) ribs

(3) tail

(4) legs

**132.** Why are loose clippings of wool gathered separately ?

(1) So that they do not get spoiled

(2) Because they are not so valuable as whole fleeces

(3) Because they are needed to fill up the top of the bags

(4) Because they weigh less than a whole fleece

**133.** Wool which has been sheared from a sheep is

(1) cut into two pieces by the shearer with a few snips

(2) rolled and bundled

(3) tied with sacking

(4) bagged on shearing-day

**134.** What word from the passage best tells us that shears are like a very large pair of scissors ?

(1) snips

(2) cut

(3) slice

(4) sharpened

**135.** 'The sheep is carried to the benches.' It is an example of

(1) an interrogative sentence

(2) a negative sentence

(3) passive voice

(4) degree of comparison

***Directions** : Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**136.** Substitution table drill helps teachers in

(1) giving controlled language practice

(2) developing free writing skills

(3) improving the fluency of learners

(4) evaluating the listening skills

**137.** When young learners are asked to read a text silently, they should be instructed

(1) to read fast even if they don't comprehend the meaning

(2) to stop reading whenever they encounter a difficult word or phrase

(3) to infer the meaning of new words from the context and read with comprehension

(4) to pay special attention to grammar items used in the passage

**138.** Language skills are best learnt

(1) when they are introduced in isolation, one skill at a time

(2) only through written tests and assignments

(3) if they are taught in an integrated manner

(4) with the help of challenging and mechanical language drills

**139.** The primary objective of using role play is

(1) to develop acting talent

(2) to evaluate dialogue writing skill

(3) to promote the reading habit

(4) to improve the communicative competence

**140.** The main responsibility of a language teacher as a facilitator is

(1) to read the lessons aloud and provide explanation for each line

(2) to create a number of opportunities for the learners to use the language meaningfully

(3) to provide a lot of information and make the learners listen to it

(4) to strictly control the class and cover the syllabus in quick time

**141.** After a story-telling session, the learners are asked to change the ending of the story. This will help the learners

(1) become imaginative and creative

(2) understand grammar better

(3) develop library reference skills

(4) evaluate the teacher's originality

**142.** Which of the following will help learners take greater responsibility for their own learning ?

(1) Summative Assessment

(2) Supervised reading sessions

(3) Controlled writing tasks

(4) Peer Assessment

**143.** Under Constructivist Approach to language learning, learners are encouraged to

(1) learn the grammar rules by rote

(2) discover the rules of grammar from examples

(3) avoid errors completely

(4) practise language drills mechanically

**144.** The main purpose of assessment is

(1) to decide pass and fail

(2) to measure achievement of learners

(3) to give practice in writing

(4) to improve the teaching – learning process

**145.** Young learners will enjoy a play included in the text-book when they

(1) read the play silently

(2) listen to the teacher reading the play

(3) enact the play

(4) get detailed explanations about the play from the teacher

**146.** When young learners are taught to improve their spelling and punctuation, they will

(1) improve their accuracy

(2) enhance their fluency

(3) nurture their creativity

(4) sharpen their listening skills

**147.** After reading a poem, a teacher involves the learners in group work. One group writes the summary of the poem, another draws a picture to depict the main theme and yet another sets the poem to music. This activity

(1) will distract the learners from the lesson

(2) is a sheer waste of time

(3) caters to diverse abilities and interests

(4) is aimed at preparing the learners for assessment

**148.** Instead of asking questions and getting answers from her learners, a teacher gives some short texts and asks her learners to frame questions. Her primary objective is to

(1) train the learners as good question paper setters

(2) take their help during examinations

(3) make the learners realize the difficulties faced by teachers in preparing question papers

(4) enhance the learners' analytical and critical thinking

**149.** Correct speech habits can be developed most effectively through

(1) Dictations

(2) Pronunciation practice

(3) Vocabulary practice

(4) Quizzes

**150.** Reading between the lines as a sub-skill of reading mainly involves

(1) identifying the grammatical item

(2) understanding the stated facts

(3) giving sufficient space between lines

(4) inferring the unstated using the contextual and verbal clues

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for HINDI as LANGUAGE – II.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

# भाग V
# भाषा II
# हिन्दी

***निर्देश :*** *गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 121 से 128) में **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

जहाँ तक मैं समझता हूँ, मेरी आत्मिक शक्तियों के विकास में बार्सीलोना और उसके निवासियों का सबसे सुंदर चित्रण भी सहायक नहीं हो सकता था । स्योम्का और फेद्का को पीटर्सबर्ग के जलमार्गों को जानने की क्या ज़रूरत है, अगर जैसी कि संभावना है, वे वहाँ कभी नहीं जा पाएँगे ? अगर स्योम्का का वहाँ कभी जाना होगा भी, तो उसे इससे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ेगा कि उसने यह स्कूल में पढ़ा था या नहीं, क्योंकि तब इन जलमार्गों को वह व्यवहार में जान ही जाएगा और अच्छी तरह जान जाएगा । मैं नहीं समझ सकता कि उसकी आत्मिक शक्तियों के विकास में इस बात की जानकारी से कोई मदद मिल सकती है कि वोल्गा में सन से लदे जहाज़ नीचे की ओर जाते हैं और अलक़तरे से लदे जहाज़ ऊपर की ओर; कि दुबोव्का नाम का एक बंदरगाह है; कि फलाँ भूमिगत परत फलाँ जगह तक जाती है; कि सामोयेद लोग बारहसिंगा गाड़ियों पर सफ़र करते हैं, वग़ैरह-वग़ैरह ।

**121.** स्योम्का और फेद्का हैं

(1) शहरों के नाम

(2) शिक्षकों के नाम

(3) विद्यार्थियों के नाम

(4) कर्मचारियों के नाम

**122.** लेखक के अनुसार वह पढ़ाई निरर्थक है

(1) जिसमें जलमार्गों के बारे में नहीं पढ़ाया जाता

(2) जानकारी नहीं दी जाती

(3) जो बंदरगाहों के बारे में न बताए

(4) जिसका उपयोग बच्चे अपने रोज़मर्रा के जीवन में न करते हों

**123.** बच्चे ढेर सारी जानकारी हासिल करके

(1) बहुत कुछ सीख सकते हैं

(2) विद्वान् बन सकते हैं

(3) आत्मिक विकास नहीं कर सकते

(4) कक्षा में अव्वल आ सकते हैं

**124.** बच्चे बहुत कुछ स्वतः ही तभी सीख जाते हैं जब

(1) शिक्षक उन्हें सिखाते हैं

(2) वे चीज़ों को व्यवहार में लाते हैं

(3) माता-पिता बताते हैं

(4) वे किताब में पढ़ते-देखते हैं

**125.** व्यावहारिक जीवन में उपयोग में न आने वाली बातों को जानने या न जानने से फ़र्क़ नहीं पड़ता, क्योंकि

(1) ये बातें व्यावहारिक जीवन को प्रभावित नहीं करतीं

(2) बच्चे अभी इन बातों का उपयोग करने योग्य नहीं हैं

(3) बाद में शिक्षक बता ही देंगे

(4) बच्चे कुशाग्रबुद्धि होते हैं

**126.** 'निवासी' का बहुवचन रूप है

(1) निवासियों

(2) निवासी

(3) निवासिएँ

(4) निवासों

**127.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'चित्रण' के लिए उपयुक्त विशेषण ***नहीं*** है ?

(1) कलात्मक

(2) सुंदर

(3) मनोहारी

(4) सौंदर्य

**128.** 'फ़र्क़' का समानार्थी है

(1) प्रभावकारी

(2) असरदार

(3) अंतर

(4) हानि

*निर्देश : गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 129 से 135) में **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

कुछ कहा जा रहा हो उससे कहीं महत्त्वपूर्ण होता है अपनी बात कहने का तरीक़ा । आप कितनी ही ज़रूरी बात क्यों न कहें, अगर आपकी बात कोई सुने नहीं, महसूस ही न करे, तो उसे कहने का फ़ायदा ही क्या ? किसी के कहे को सुनने के लिए, उसे महसूस करने के लिए, पूरा ध्यान केंद्रित करने की ज़रूरत होती है । और वही मिलता था मुझे उस महान संगीतज्ञ बीथोवन के स्वरों द्वारा — पूरा ध्यान । आप पूछ सकते हैं कि "आवाजाही और बातचीत के शोर से भरे किसी कमरे के दूसरे छोर पर बैठा कोई बच्चा उन आठ कोमल स्वरों को भला कैसे सुनता होगा ?" इस सवाल का जवाब तो कोई भी शिक्षक दे सकता है । ये स्वर सुन तो वे बच्चे ही पाते थे जो पियानो के बिलकुल पास खड़े हों, और तब उनका स्पर्श दूसरों को आगाह करता था । पर कुछ ही क्षणों में तेज़ी से फैलती वह ख़ामोशी ही बोलने लगती थी । और जब तक आख़िरी स्वर की गूंज ख़त्म होती, सभी बच्चे शांत हो चुके होते थे । वे ख़ामोशियाँ, वे सन्नाटे याद रहेंगे मुझे ... सात क्या उसके भी कई-कई सालों बाद भी ।

**129.** लेखिका के अनुसार अपनी बात कहने के संदर्भ में सबसे महत्त्वपूर्ण क्या है ?

(1) जो कुछ कहा जा रहा है

(2) बात कहने का तरीक़ा

(3) ध्यान केंद्रित करने के लिए आवाज़ों का प्रयोग करना

(4) सवाल का जवाब देना

**130.** संवाद तभी सार्थक होता है जब

(1) ज़रूरी बात कहना

(2) कहने-सुनने वाले सक्रिय हों

(3) मधुर आवाज़

(4) शांत माहौल

**131.** 'ख़ामोशी ही बोलने लगती है ।' से अभिप्राय है

(1) जब कुछ बच्चे धीरे-धीरे बोलना बंद कर देते हैं तो बाक़ी बच्चों को पता चल जाता है कि उन्हें भी शांत होना है

(2) ख़ामोशी बच्चों से कहती है कि चुप हो जाओ

(3) ख़ामोशी तेज़ आवाज़ में बोलती है

(4) ख़ामोश बच्चे बोलने लगते हैं

**132.** लेखिका के अनुसार

(1) बच्चे बहुत शोर करते हैं

(2) बच्चे बहुत बोलते हैं

(3) एक शिक्षक अपने बच्चों को बहुत अच्छी तरह जानता है

(4) बच्चों को शांत करने के लिए संगीत का ही प्रयोग करना चाहिए

**133.** 'महत्त्वपूर्ण' शब्द है

(1) रूढ़

(2) योगरूढ़

(3) विकारी

(4) यौगिक

**134.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है ?

(1) पियानो

(2) बातचीत

(3) जवाब

(4) सवाल

**135.** 'इस सवाल का जवाब तो कोई भी शिक्षक दे सकता है ।' वाक्य में आए 'भी', 'तो' शब्द हैं

(1) क्रिया-विशेषण

(2) सर्वनाम

(3) निपात

(4) संबंधबोधक

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

**136.** बच्चों की पठन-कुशलता का विकास करने में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है

(1) विभिन्न संदर्भों से जुड़ी सामग्री

(2) पाठ्य-पुस्तक में दिए गए अभ्यास

(3) भाषिक संरचनाओं का अभ्यास

(4) अर्थ की अपेक्षा उच्चारणगत शुद्धता पर विशेष ध्यान देना

**137.** लेखन-कुशलता का विकास करने में सबसे कम महत्त्वपूर्ण है

(1) कहानी-कविता आदि का सृजनात्मक लेखन

(2) आँखों-देखी घटनाओं को लिखना

(3) प्रतिलिपि

(4) अधूरी कहानी को पूरा करना

**138.** भाषा-अर्जन के संबंध में कौन-सा कथन उचित ***नहीं*** है ?

(1) भाषा-अर्जन में भाषिक परिवेश महत्त्वपूर्ण होता है

(2) इसमें समाज-सांस्कृतिक विशेषताओं को सहज रूप से आत्मसात् किया जाता है

(3) भाषा के नियम सीखे जाते हैं

(4) परिवेश से प्राप्त भाषिक आँकड़ों के आधार पर सहज रूप से भाषिक नियम बनाए जाते हैं

**139.** भाषा की कक्षा में कौन-सी शिक्षण-युक्ति सबसे कम प्रभावी है ?

(1) बच्चों की रुचि के अनुसार परिचित विषय या प्रसंग पर चर्चा

(2) दूसरों की हस्तलिखित सामग्री, पत्र आदि पढ़वाना

(3) उचित गति एवं प्रवाह के साथ पढ़ने पर बल देना

(4) शुद्ध उच्चारण पर अत्यधिक बल देना

**140.** बहुभाषिक कक्षा के संदर्भ में आप इनमें से किस गतिविधि को सर्वाधिक उचित समझते हैं ?

(1) हिन्दी पाठों में आए 'चिड़िया', 'पुस्तक', 'कुआँ' को आपकी भाषा में क्या कहते हैं ? बताइए ।

(2) 'लट्ठ', 'ख़त' शब्दों के हिन्दी रूप कंठस्थ कीजिए ।

(3) 'स्वतंत्र' शब्द को दस बार बोलिए ।

(4) 'सूर्य अस्त हो गया ।' वाक्य को 10 बार लिखिए ।

**141.** कहानियाँ बच्चों के भाषा-विकास में किस प्रकार सहायक हैं ?

(1) ये पाठ्य-पुस्तक का सबसे महत्त्वपूर्ण हिस्सा है

(2) ये बच्चों की कल्पनाशक्ति, सृजनात्मकता और चिंतन को बढ़ावा देती हैं

(3) ये भाषिक नियम ही सिखाती हैं

(4) बच्चों के ख़ाली समय का सदुपयोग करने में मदद करती हैं

**142.** हिन्दी भाषा के सतत और व्यापक मूल्यांकन के संदर्भ में कौन-सा कथन उचित ***नहीं*** है ?

(1) सतत और व्यापक मूल्यांकन बच्चों की सीखने की क्षमता और तरीक़े के बारे में जानकारी देता है

(2) यह बताता है कि बच्चों को किस तरह की मदद की ज़रूरत है

(3) यह बच्चे के संदर्भ में ही मूल्यांकन करता है

(4) यह बच्चों को उत्तीर्ण-अनुत्तीर्ण श्रेणियों में विभाजित करने में विश्वास रखता है

**143.** हिन्दी भाषा की पाठ्य-पुस्तक में लोकगीतों को शामिल करने का कौन-सा उद्देश्य सबसे कम महत्त्वपूर्ण है ?

(1) लोकगीतों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विशेषताओं से परिचित कराना

(2) लोकगीतों की भाषिक विशेषताओं से परिचित होने का अवसर मुहैया कराना

(3) लोकगीतों से संबद्ध राज्यों की जानकारी देना

(4) लोकगीतों की रसानुभूति

**144.** प्राथमिक स्तर पर आप कहानियों, कविताओं में किस पक्ष को सबसे ज़्यादा महत्त्वपूर्ण मानते हैं ?

(1) घटनाओं, शहरों, पदों में दोहराव

(2) प्रतिष्ठित लेखकों की कहानियाँ, कविताएँ बच्चों को पढ़ाई जाएँ

(3) प्रत्यक्ष उपदेशात्मकता

(4) कहानियों, कविताओं का व्याकरणिक नियमों की जानकारी की दृष्टि से समृद्ध होना

**145.** भाषा का प्राथमिक रूप है

(1) लिखित

(2) मौखिक

(3) सांकेतिक

(4) व्याकरणिक

**146.** भाषा की प्रकृति के सम्बन्ध में कौन-सा कथन उचित ***नहीं*** है ?

(1) भाषा एक नियमबद्ध व्यवस्था है

(2) भाषा का जितना अधिक प्रयोग किया जाएगा, उतना ही भाषा पर पकड़ मज़बूत होती जाएगी

(3) भाषा कठोरता से व्याकरणिक नियमों का अनुसरण करती है

(4) भाषाएँ एक-दूसरे के सान्निध्य में फलती-फूलती हैं

**147.** 'गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान की कक्षाएँ एक तरह से भाषा की ही कक्षाएँ हैं ।' इस कथन के समर्थन में कौन-सा तर्क सबसे कमज़ोर है ?

(1) विभिन्न विषयों की अवधारणाएँ किसी भाषा-विशेष में बनती हैं

(2) विभिन्न विषयों के अध्ययन-अध्यापन में भाषा साधन का कार्य करती है

(3) विभिन्न विषयों के शिक्षण में भाषा-शिक्षण एक मुख्य उद्देश्य होता है

(4) विभिन्न विषयों की अवधारणात्मक समझ की अभिव्यक्ति भी भाषा-विशेष में होती है

**148.** निम्नलिखित में से किस उद्देश्य के लिए प्राथमिक स्तर पर भाषा ***नहीं*** सीखी जाती ?

(1) मन की बात कहना-सुनना

(2) अपनी अनेक ज़रूरतों को पूरा करना

(3) जीवन की विभिन्न स्थितियों को साधना

(4) भाषा का व्याकरण सीखना

**149.** तमिल भाषी सुहेल प्रायः 'भजन', को 'बजन' कहता है। भाषा के शिक्षक के रूप में आप क्या करेंगे ?

(1) सुहेल को बताएँगे कि सही शब्द 'भजन' है

(2) 'भजन' शब्द का बार-बार उच्चारण करवाएँगे

(3) सुहेल को उसकी त्रुटि के लिए डाँटेंगे

(4) तमिल और हिन्दी भाषा का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए महाप्राण ध्वनियों से युक्त भाषिक सामग्री का प्रयोग करेंगे

**150.** कलिका हिन्दी भाषा में बोलते समय कई बार अटकती है । आप क्या करेंगे ?

(1) कक्षा में केवल कलिका को ही बार-बार बोलने के लिए कहेंगे

(2) धैर्य रखते हुए उसे सहज अभिव्यक्ति के लिए प्रोत्साहित करेंगे

(3) उसे प्रवाहपूर्ण अभिव्यक्ति के नमूने सुनाएँगे और कहेंगे कि उसे भी हू-ब-हू ऐसे ही बोलना है

(4) कक्षा के बाक़ी बच्चों से कहेंगे कि कलिका के समक्ष प्रवाहपूर्ण अभिव्यक्ति के नमूने प्रस्तुत करें

# SPACE FOR ROUGH WORK

# रफ कार्य के लिए जगह

SEAL

**READ CAREFULLY THE FOLLOWING INSTRUCTIONS :**

1. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with Blue/Black Ball Point Pen on Side-2 of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
2. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
3. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
4. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet / Answer Sheet in the Attendance Sheet.
5. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/room.
6. Each candidate must show on demand his / her Admission Card to the Invigilator.
7. No candidate, without special permission of the Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
8. The candidates should not leave the Examination Hall without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet a second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case.
9. Use of Electronic / Manual Calculator is prohibited.
10. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Board with regard to their conduct in the Examination Hall. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Board.
11. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
12. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Room / Hall. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

**निम्नलिखित निर्देश ध्यान से पढ़ें :**

1. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के पृष्ठ-2 पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन से भरें । एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है ।
2. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ । परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें ।
3. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी ।
4. परीक्षा पुस्तिका / उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाज़िरी-पत्र में लिखें ।
5. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश कार्ड के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
6. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-कार्ड दिखाएँ ।
7. अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें ।
8. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं हाज़िरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेंगे । यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाज़िरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा ।
9. इलेक्ट्रॉनिक / हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है ।
10. परीक्षा-हॉल में आचरण के लिए परीक्षार्थी बोर्ड के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं । अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला बोर्ड के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा ।
11. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें ।
12. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष / हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र कक्ष-निरीक्षक को अवश्य सौंप दें । *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।***